




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14 अंक - 314 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 26 अगस्त 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# चंद्रयान-3 के लैंडिंग पॉइंट को 'शिव शक्ति' व चंद्रयान-2 के पदचिह्नों वाली जगह को 'तिरंगा' कहा जाएगा

## विदेशी दौरे से वापस लौटते ही बेंगलुरू पहुंचे पीएम मोदी, इसरो के वैज्ञानिकों से की चर्चा

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इसरो के वैज्ञानिकों से मुलाकात की और उन्हें चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए बधाई दी। इस दौरान वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कई बड़े एलान किए, जिनमें से एक एलान के मुताबिक जिस जगह चंद्रयान-3 मिशन के लैंडर विक्रम ने टच डाउन किया, अब से उसे 'शिव-शक्ति पॉइंट' के नाम से जाना जाएगा। इसके अलावा पीएम मोदी ने 'तिरंगा पॉइंट' और 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' मनाने का भी एलान किया।

प्रधानमंत्री ने इस नामकरण की वजह बताते हुए कहा कि 'स्पेस मिशन के टच डाउन पॉइंट को एक नाम दिए जाने की परंपरा है। चंद्रमा के जिस हिस्से पर हमारा चंद्रयान उतरा है, भारत ने उस स्थान के नामकरण का भी फैसला लिया है। जिस जगह पर चंद्रयान-3 का लैंडर उतरा है, अब उस पॉइंट को 'शिव-शक्ति' के नाम से जाना जाएगा। शिव में मानवता के कल्याण का संकल्प समाहित है और शक्ति से हमें उन संकल्पों को पूरा करने का सामर्थ्य मिलता है। चंद्रमा का शिव शक्ति पॉइंट, हिमालय के कन्याकुमारी से जुड़े होने का बोध कराता है।'


पीएम मोदी चंद्रयान-3 की सफलता में चंद्रयान-2 की कोशिश को भी नहीं भूले और उन्होंने एलान किया कि चंद्रमा के जिस स्थान पर चंद्रयान-2 ने अपने पदचिन्ह छोड़े हैं, वह पॉइंट अब तिरंगा कहलाएगा। ये तिरंगा पॉइंट भारत के हर प्रयास की प्रेरणा बनेगा। ये तिरंगा पॉइंट हमें सीख देगा कि कोई भी विफलता आखिरी नहीं होती। बता दें कि भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने साल 2019 में चंद्रयान-2 मिशन लॉन्च किया था। यह मिशन असफल हो गया था और चंद्रयान-2 का लैंडर चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग नहीं कर सका था। हालांकि चंद्रयान-2 की विफलता से सीखकर ही भारतीय वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 मिशन में सफलता हासिल की। यही वजह है कि पीएम मोदी ने तिरंगा पॉइंट को भारतीयों के लिए प्रेरणा बताया।



### राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

प्रधानमंत्री ने कहा कि 23 अगस्त को जब भारत ने चंद्रमा पर तिरंगा फहराया, उस दिन को अब राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत अंतरिक्ष और तकनीक के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनकर जरूर उभरेगा। अनुसंधान की ये ताकत भारत को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगी और 2047 में भारत को विकसित देश बनाएगी। भारत के शास्त्रों में जो खगोलीय सूत्र हैं, उन्हें वैज्ञानिक तौर पर सिद्ध करने के लिए, नए सिरे से उनके अध्ययन के लिए नई पीढ़ी आगे आए। ये हमारी विरासत के लिए भी जरूरी है और विज्ञान के लिए भी।

### विदेश दौरे से सीधे बेंगलुरू पहुंचे पीएम मोदी, चंद्रयान-3 की सफलता पर वैज्ञानिकों को किया सैल्यूट



दक्षिण अफ्रीका और ग्रीस की की यात्रा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीधे बेंगलुरू पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने जनता को संबोधित करते हुए एक नया नारा दिया- 'जय विज्ञान-जय अनुसंधान। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क मिशन कंट्रोल कॉम्प्लेक्स में चंद्रयान-3 मिशन में शामिल वैज्ञानिकों से मुलाकात की। पीएम मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों को संबोधित किया। इस दौरान वे थोड़े भावुक भी हो गए। प्रधानमंत्री मोदी ने वैज्ञानिकों की तारीफकरते हुए कहा कि आपकी मेहनत, आपके धैर्य को सैल्यूट। पीएम मोदी ने कहा कि यह आज का भारत है, जुझारू भारत।

बंगलुरू में इसरो के टेलेमेट्री ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क मिशन कंट्रोल कॉम्पलेक्स में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'कई बार ऐसा होता है जब बेसब्री हो जाती है, मेरे साथ भी इस बार ऐसा ही हुआ। मैं दक्षिण अफ्रीका में था और फिर ग्रीस जाना हुआ लेकिन मेरा मन आपके साथ था। मैं जल्द से जल्द आप लोगों से मिलना चाहता था और आपको सैल्यूट करना चाहता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मैं अलग तरह की खुशी महसूस कर रहा हूं। ऐसे पल दुर्लभ होते हैं।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक समय था, जब हमारी गिनती तीसरी पंक्ति में होती थी। आज ट्रेड से लेकर तकनीक तक, भारत की गिनती पहली पंक्ति में खड़े देशों में हो रही है।

## खास - खबर



### डिवाइडर से टकराई फॉर्च्यूनर, 5 फीट उछल कर पलटी, नशे में था ड्राइवर

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में शहर के नामी डॉक्टर के बेटे ने नशे में रफ ड्राइविंग करते हुए कार को डिवाइडर पर चढ़ा दिया। गाड़ी हवा में करीब 4-5 फीट तक उछली फिर गिरते हुए सड़क पर पलट गई। दुर्घटना के बाद मौजूद लोगों ने कार का विंड ग्लास तोड़कर घायल को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के मुताबिक दुर्घटना शनिवार सुबह की है। शहर के न्यूरो सर्जन का बेटा नमन तिवारी कांग्रेस नेत्री सुभद्रा सिंह की कार को काफी तेजी से चला रहा था। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक कार से वो डीपीएस की तरफ जा रहा था। जैसे ही वो लक्ष्मी मार्केट के पास पहुंचा कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। इस दौरान कार ने एक बाइक को भी अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत यह रही की बाइक चालक बच गया। एयर बैग खुल जाने से चालक की जान बच गई। लोगों ने तुरंत 112 में फोन करके पुलिस को बुलाया। उतई पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार को जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि नमन नशे में था। दुर्घटना के बाद वो कार के अंदर फंस गया था। इसके बाद लोगों ने बड़ी मुश्किल से ड्राइवर के सामने का विंड ग्लास को तोड़कर घायल को बाहर निकाला। नमन के चेहरे और अन्य जगह काफी चोटें आई हैं। हादसे के वक्त मार्केट के पास भीड़ नहीं थी। लोगों के मुताबिक अगर घटना कुछ समय बाद होती तो इससे कई लोगों की जान भी जा सकती थी। लोगों ने उतई पुलिस इस मामले में सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक कांग्रेस पार्षद के बेटे का जन्मदिन था। बर्थडे पार्टी के बाद रात में अनिल पार्षद कार को ले गया था। उसने अपने दोस्तों के साथ किसी के साथ मारपीट की थी। बाद में पर्ल्स हॉस्पिटल में अपना इलाज कराया और फिर वहां से निकल गया। रात भर शराब पार्टी के दौरान सुबह नशे में गाड़ी को पलटा दिया।

# सैलरी के मुद्दे पर खुलकर बोले डिप्टी सीएम सिंहदेव

■ डिप्टी सीएम सिंहदेव ने बिलासपुर में की मीडिया से चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** स्वास्थ्यकर्मियों के हड़ताल पर डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि हिंदुस्तान में कहीं ऐसी व्यवस्था नहीं कि 12 महीने काम करें और 13 महीने की सैलरी दें। जो व्यवस्था हिंदुस्तान में कहीं नहीं। उसे छत्तीसगढ़ में कैसे पहले कर सकते हैं। यूनियन वाले दबाव बनाने के लिए ऐसी मांगों को उठाते हैं। ताकि उनमें से कोई एक मांग पूरी हो जाए। हड़ताली काम पर जल्दी वापस आ जाएं तो अच्छा है। हड़ताल में जाने का कोई औचित्य नहीं है।

आगामी चुनाव में कांग्रेस की स्थिति को लेकर डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने अच्छा काम किया है। छत्तीसगढ़ को सरकार ने पहचान दी है। जिसको लेकर हम लोगों के बीच जाना चाहेंगे। लेकिन इसके बावजूद अगर दो तिहाई से कम सीट आए तो मुझे व्यक्तिगत निराशा होगी। 75 पार की बात है। 90 के हाउस में 60 से कम नहीं आना चाहिए। सिंपल बहुमत से जितना ऊपर आए उतना अच्छा है।

भाजपा पर निशाना साधते हुए टीएस ने कहा कि आजकल देखने में आ रहा है कि एक विशेष अभियान चल रहा हैय् कुछ इधर से उधर हो जाता है। यह मतदाताओं के लिए भी संकेत है। इस तरह की व्यवस्था बनाने की जब लोग कोशिश कर रहे हैं तो किसी बीच वाले को वोट मत दीजिए। जिस पार्टी को आप चाहते हैं। उसे जाकर खुलकर वोट दें। ताकि बीच के लोग जो सरकार गिराने की कोशिश में लग जाते हैं। उनको यह मौका न मिले। छापे के नाम पर कांग्रेस को टारगेट किया जा रहा है। सवाल खड़े होता है किसी विशेष दिन ही छापा क्यों, यह बातें उठ रही है। इसमें कांग्रेस और संबंधित लोगों को टारगेट किया जा रहा है। माहौल यही बन रहा है कि जानबूझकर प्रताड़ित करने के लिए ये सब किया जा रहा है।

# सेक्टर-7 तालाब में कूदकर महिला ने दी जान पति से विवाद के बाद घर से निकली थी महिला



**भिलाई।** सेक्टर-7 तालाब में बीती रात एक महिला ने कूदकर अपनी जान दे दी। शनिवार की सुबह टहलने निकले लोगों को तालाब में महिला की लाश दिखी। सूचना मलिने पर महिला का पति पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचने के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान सेक्टर-6 निवासी प्रिती सिंह के रूप में हुई।

मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-6 बी मार्केट निवासी मनीष सिंह का पत्नी प्रीति सिंह (38) ने सेक्टर-7 तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतका के दो बच्चे हैं जिनके सिर से मां का साया छिन गया। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात को प्रिती सिंह का अपने पति के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ और उसके बाद वह किसी को बिना बताए घर से निकल गई। शनिवार सुबह उसकी लाश तालाब में मिली।

सुबह 6 बजे सेक्टर-7 तालाब में टहलने वालों को प्रिती सिंह का मोबाइल किनारे रिंग होता मिला। इस दौरान किसी ने फोन उठाया तो मनीष सिंह ने बताया कि वह उसकी पत्नी का फोन है। इसके बाद उस व्यक्ति ने बताया कि फोन तालाब के पास पड़ा है और तालाब में किसी महिला का शव मिला है। यह सुनते ही मनीष सिंह तत्काल तालाब के पास पहुंचा और देखा तो वो लाश प्रीति सिंह की थी। पति मनीष सिंह ने पुलिस को बताया कि उसे अपनी मां से काफी लगाव था और उसके गुजर जाने के बाद काफी परेशान रहती थी। घटना की रात भी वो अपनी मां को याद कर रो रही थी।

# मरीन ड्राइव वाकेथॉन 2023: मतदाताओं को जागरूक करने दौड़े रायपुरियंस

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान जागरूकता के लिए आज तेलीबांधा में वाकेथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम आज सुबह तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव से शुरू हुई। यहां से होते हुए घड़ी चौक कलेक्टोरेट होकर वापस मरीन ड्राइव में खत्म हुई। दौड़ेगा रायपुर, वोट करेगा रायपुर के तर्ज पर इस कार्यक्रम में सभी प्रकार के लोग शामिल हुए। इसके तहत शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए कहा गया। 18 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक किया गया।

वाकेथॉन कार्यक्रम में शहर के युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, तृतीय लिंग समुदाय के लोग, समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों समेत शासकीय अधिकारी कर्मचारी और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। बता दें कि इसमें कई वर्ग के लोग शामिल हुए। वहीं लोग भारी संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लिए। वाकेथॉन की शुरुआत पर निर्वाचन आयोग के सदस्यों ने बोर्ड पर हस्ताक्षर कर लोगों को मतदान के लिए संदेश लिखें।

# मदुरै में प्राइवेट पार्टी कोच में हुआ ब्लास्ट, 10 यात्रियों की मौत

■ 20 से ज्यादा घायल, मृतकों के आश्रितों को 10-10 लाख की सहायता



**मुदुरै।** तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन के डिब्बे में शनिवार तड़के आग लग गई। हादसे में 10 यात्रियों की मौत हो गई। इस दौरान 20 अन्य यात्री घायल बताए जा रहे हैं। जिस डिब्बे में आग लगी, वह एक प्राइवेट पार्टी कोच यानी किसी व्यक्ति द्वारा बुक किया गया पूरा डिब्बा था। उसमें सवार यात्री उत्तर प्रदेश के लखनऊ से मदुरै पहुंचे थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दक्षिणी रेलवे ने अवैध रूप से ले जाए गए गैस सिलेंडर को हादसे की वजह बताया है। मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा भी की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार 25 अगस्त को नागरकोविल जंक्शन पर ट्रेन संख्या 16730 (पुनालुर-मदुरै एक्सप्रेस) में एक प्राइवेट पार्टी कोच जोड़ा गया था। इसे एक व्यक्ति द्वारा बुक किया गया था। सभी यात्री लखनऊ के बताए जा रहे हैं और वे रामेश्वरम जा रहे थे। मदुरै पहुंचने के बाद डिब्बे को अलग कर मदुरै रेलवे स्टेशन पर खड़ा किया गया था। इस कोच में सवार यात्री इसमें अवैध रूप से गैस सिलेंडर लेकर आए थे। जबकि नियमानुसार इसमें सिलेण्डर नहीं ले जाया सकता। बताया जा रहा है कि कॉफी बनाते समय सिलेण्डर में ब्लास्ट हुआ और कोच में आग लग गई।

सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। आग बुझाने की कोशिशों में जुटे रेल कर्मियों के अलावा पुलिस, दमकल और बचाव कर्मियों ने डिब्बे से शवों को बाहर निकाला। आग की चपेट में आने से जान गंवाने वालों में ज्यादातर लोग उत्तर प्रदेश के ही हैं। आग लगने की घटना की सूचना सुबह करीब 5.15 बजे मिली। सुबह सात बजकर 15 मिनट पर लपटों पर काबू पा लिया गया। अन्य डिब्बों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। डिब्बे में सवार यात्रियों ने 17 अगस्त को लखनऊ से यात्रा शुरू की थी। उनका 27 अगस्त को चेन्नई जाने का कार्यक्रम था। चेन्नई से उनकी लखनऊ लौटने की योजना थी। कोच से 55 लोगों को रेस्क्यू किया गया है और अब तक 10 शव निकाले गए हैं। बचाव अभियान जारी है।

# इसरो में सिर्फ दो फीसदी ही आईआईटी से

श्रीकंचनपथ




आज देश जश्न मना रहा है, चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान के सफल अवतरण का। पर देश को यह जानकर इससे भी अधिक खुशी होगी कि यह करिश्मा कथित रूप से भारत के दूसरे या तीसरे पायदान के इंजीनियरों ने किया है। भारत में सभी प्रकार की इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आईआईटी टॉप की संस्था है। सबसे आला दिमाग वाले बच्चे इन्हीं संस्थानों में पढ़ते हैं। इसके बाद कोई-कोई उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी चला जाता है। आईआईटी से निकली तमाम आला खोपड़ियों का एक पैर विदेश में होता है। उन्हें वहां की बेहतर शोध सुविधाओं और आकर्षक पैकेज भी लुभाते हैं। फिर भारत कैसे प्रगति करता है? भारत के पास दूसरे और तीसरे पायदान के इंजीनियर रह जाते हैं। पर ये इतने जुगाडू होते हैं कि एक बार जिद पकड़ ली तो काम पूरा करके ही दम लेते हैं। चंद्रयान की सफलता भी एक ऐसी ही सफलता की कहानी है। 2014 में सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी के अनुसार भारत की चोटी की अंतरिक्ष संस्था इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गनाइजेशन इसरो में केवल 2 फीसद ही आईआईटियन्स हैं। चंद्रयान की टीम भी लगभग ऐसी ही थी। तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर ने इसपर चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि आईआईटी से निकले इंजीनियर जहां विदेशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं वहीं भारत के अनाम इंजीनियरिंग कालेजों के विद्यार्थियों ने चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग, चांद के दक्षिणी ध्रुव पर करवा दी। इसरो की इस टीम के प्रमुख एस सोमनाथ टीकेएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, कोल्लम से आते हैं। उनकी टीम के कम से कम सात अन्य सदस्य कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, तिरुवनंतपुरम से हैं। इनमें मिशन डायरेक्टर मेकानिकल मोहना कुमार, इलेक्ट्रानिक्स विभाग के अथुला, मेकानिकल के सथीश, एसोसिएट मिशन डायरेक्टर नारायणन, मेकानिकल के ही मोहन और इलेक्ट्रानिक्स के शोरा इसी कालेज से हैं। उन्होंने कहा कि आईआईटी बेशक देश की उत्कृष्ट संस्थाएं हैं पर यहां से निकलने वालों की सेवाएं देश को नहीं मिल पातीं। इसलिए यह वक्त उन इंजीनियरिंग कॉलेजों की जयजयकार करने का है जहां के विद्यार्थी देश को गौरवान्वित करते हैं। यहां यह बताना अप्रासंगिक नहीं होगा कि मिसाइल मैन के नाम से पहचाने जाने वाले देश के 11वें राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने भी सेन्ट जोसफकालेज से ग्रेजुएशन और मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी से पीजी किया था। कहते हैं कि प्रतिभा कभी छिपती नहीं है और न ही वह किसी संस्था विशेष की मोहताज होती है। देर-सबेर वह निकलकर सामने आती ही है और अपने हिस्से का सम्मान भी ले जाती है। चंद्रयान की सफलता के बाद एक बार फिर जाहिर हो गया है कि देश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। धरती अपनी हो या विदेश की, हर जगह भारतीय ही झंडे गाड़ रहे हैं। आज दुनिया के तमाम उद्यमों की सफलता के पीछे भारतीयों का ही चेहरा है। कहीं-कहीं तो ये शीर्ष तक जा पहुंचे हैं।




## संपादकीय

### फिर सर्वोच्च संवाद

भारत और चीन के बीच उच्चतम स्तर पर संवाद की जो स्थिति बनी है, वह स्वागतयोग्य है। गुरुवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संक्षिप्त संवाद आगे बढ़ने की कोशिश या मंशा का ही संकेत है। गलवान के बाद से अनेक अवसर आए थे, जब दोनों देशों के नेताओं के बीच परस्पर संवाद की स्थिति बन सकती थी, लेकिन परिस्थितियां ऐसी बनती रहीं कि दोनों देशों के नेताओं ने एक-दूसरे से दूरी बनाए रखने में ही अपना हित देखा। यह सुखद संयोग है कि एशिया के दो दिग्गज देशों के बीच सर्वोच्च वार्ता की गुंजाइश अफ्रीका महादेश व दक्षिण अफ्रीका में बनी है। कुल मिलाकर, भारत के प्रधानमंत्री ने चीनी राष्ट्रपति से यह स्पष्ट इशारा कर दिया है कि दोनों देशों के बीच संबंधों के सामान्यीकरण की दिशा में हम तभी आगे बढ़ सकते हैं, जब 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक सीमा रेखा पर सैन्य तैनाती में कमी आए। सर्वोच्च स्तर पर भारत की यह प्रतिक्रिया या दलील चीन को अगर समझ में आए, तो ही दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य हो सकेंगे। चीनी नेता की मंशा यदि तार्किक और न्यायपूर्ण हो, यदि उनका मध्ययुगीन विस्तारवादी मनसूबा काबू में रहे, तो निस्संदेह वह भारत से अच्छे संबंध बना लेंगे। ग्लोबल साउथ या दुनिया के गरीब और विकासशील देश उनसे शायद यही चाहते हैं। हालांकि, दोनों देशों के नेताओं के बीच परस्पर संवाद के बावजूद चीन की मंशा में खोट बहुत जल्दी ही उभरकर सामने आ गई है। बीजिंग में शायद ऐसे लोग बैठे हैं, जो संवाद व सहयोग की हर कोशिश को निशाना बनाने में देर नहीं करते। तभी तो चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बयान जारी किया कि भारत ने बैठक की मांग की थी, जबकि भारतीय पक्ष ने तत्काल जवाब दिया कि यह बैठक चीनी पक्ष की मांग पर हुई। यहां यह बात गौर करने की है कि संवाद में सीमा विवाद का मसला उठा है, तो क्या यह मुद्दा शी जिनपिंग उठा सकते हैं? गलवान के बाद भी अनेक उदाहरण हैं, जब चीन ने सीमा विवाद को उलझाने की ही कोशिश की है, मामला लद्दाख से लगती सीमा पर जरूरत से ज्यादा सैन्य तैनाती का हो या अरुणाचल प्रदेश पर आए दिन पड़ने वाली नाजायज नजर का। अब तक लगभग बीस बार सैन्य कमांडर स्तर की वार्ता हुई है, जिनमें कभी भी चीन सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सहमत नहीं हुआ है, हर बार केवल अगली वार्ता के लिए राजी होता आया है। ऐसे में, दुनिया बिल्कुल सही समझ रही होगी कि सीमा विवाद का मसला भारतीय प्रधानमंत्री ने ही उठाया है। भारत का संदेश सख्त, स्पष्ट और सराहनीय है कि सीमा विवाद को सुलझाए बिना भारत-चीन के बीच संबंध सामान्य नहीं हो सकते। यह रणनीति आगे भी बनी रहनी चाहिए और चीन को न्याय व मानवीयता के सिद्धांत को सामने रखकर चलने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। भारत ने तो पंचशील समझौता किया था, पर उसकी धज्जियां कौन उड़ा गया, दुनिया जानती है। चीन को यह ध्यान रखना चाहिए, पाकिस्तान जब सुधार की कोशिश करता नहीं दिखा, भारत पर चोट करता गया, तभी भारत ने सीधे संवाद से मना कर दिया। भारत और चीन, दोनों सभ्यता के आदिकाल से पड़ोसी हैं और हमेशा रहेंगे, अत: दोनों के बीच सवाल मान-सम्मान का नहीं, बल्कि सही और गलत का होना चाहिए। आज दुनिया के किसी भी देश के लिए एक तरफ, भू-विस्तार का साम्राज्यवादी मनसूबा और दूसरी तरफ, दुनिया को साथ लेकर चलने का दिखावा त्रासद नहीं तो और क्या है?

> “ गलवान के बाद भी अनेक उदाहरण हैं, जब चीन ने सीमा विवाद को उलझाने की ही कोशिश की है, मामला लद्दाख से लगती सीमा पर जरूरत से ज्यादा सैन्य तैनाती का हो या अरुणाचल प्रदेश पर आए दिन पड़ने वाली नाजायज नजर का। अब तक लगभग बीस बार सैन्य कमांडर स्तर की वार्ता हुई है, जिनमें कभी भी चीन सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सहमत नहीं हुआ है, हर बार केवल अगली वार्ता के लिए राजी होता आया है।

### राष्ट्रीय गर्व का अवसर

चंद्रयान-3 अभियान की सफलता हर लिहाज से राष्ट्रीय गर्व का विषय है। सारा देश दम साधे इस मौके का इंतजार कर रहा था, उसकी वजह यही है कि विज्ञान ने चाहे जितनी तरक्की की हो, लेकिन चांद पर लैंडर को सटीक ढंग से उतार देना आज भी आसान नहीं है। आशंकाएं कई वजहों से थीं। एक तो चंद्रयान-2 की विफलता की याद आज भी ताजा है, दूसरे चंद्रयान-3 के चांद पर उतरने से कुछ ही दिन पहले रूस का यान लूना दुर्घटनाग्रस्त हो गया। फिर मंगलवार शाम को अचानक यह खबर तेजी से फैली कि लैंडर की सेहत को देखते हुए यान को चांद की सतह पर उतारने का काम 27 अगस्त तक के लिए टाला जा सकता है। लेकिन तमाम आशंकाएं निर्मूल साबित हुईं और इस तरह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपना यान उतारने वाला भारत दुनियाका पहला देश बन गया है। इस सफलता को और बड़ा आयाम देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे मानवता की कामयाबी बताया। उनका यह कथन महत्त्वपूर्ण है कि यह कामयाबी इस बात का संकेत देती है कि विकासशील देश भी इसी तरह की बड़ी कामयाबियां हासिल कर सकते हैं।

यह हकीकत है कि इस सफलता पर पूरी विकासशील दुनिया में खुशी देखी गई है। इस ओर ध्यान खींचा गया है कि चंद्रमा पर शोध के अभियान में इस समय जो तीन देश प्रमुखता से जुटे हुए हैं, वे सभी यानी भारत, रूस और चीन विकासशील देशों के उभरते मंच ब्रिक्स के सदस्य हैँ। यह सचमुच दुनिया के इतिहास में एक नया अध्याय है, जब विकासशील देश दर्शक नहीं, बल्कि बारीक वैज्ञानिक गतिविधियों की पात्र बन कर उभरे हैं। भारत ने यह सफलता लंबे प्रयास और स्वतंत्रता के बाद तुरंत सत्ता में आए नेतृत्व की दूरंदेशी के बूते हासिल की है। यह सफलता अनेक रुकावटों को पार करते हुए प्राप्त की गई है। यह गौरतलब है कि जब चंद्रयान-1 अभियान सफल हुआ था, तब 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद पश्चिमी देशों की तरफ से भारत पर लगाए गए कई तकनीकी प्रतिबंध अभी भी लागू थे। तब से आज तक भारत काफी आगे बढ़ा है। यह सचमुच गर्व का विषय है।

### ब्रिक्स की नई यात्रा

नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान यह दो-टूक एलान किया कि भारत ब्रिक्स के विस्तार का समर्थन करता है। उनकी इस घोषणा के तुरंत बाद शिखर सम्मेलन में नए देशों को ब्रिक्स में शामिल करने के मानदंडों से संबंधित प्रस्ताव को पारित कर दिया गया। अपने 15वें शिखर सम्मेलन के साथ पांच उभरती अर्थव्यवस्थाओं- ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका- का मंच ब्रिक्स अब एक नई यात्रा शुरू करने जा रहा है। बुधवार इस शिखर सम्मेलन में महत्त्वपूर्ण दिन रहा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान यह दो-टूक एलान कर दिया कि भारत ब्रिक्स के विस्तार का समर्थन करता है। मोदी के भाषण पर सबकी निगाहें टिकी थीं, क्योंकि पिछले कुछ समय से पश्चिमी मीडिया में कई भ्रामक खबरें थीं। उनमें बताया गया था कि भारत ब्रिक्स के विस्तार और अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिए नया भुगतान सिस्टम बनाने की ब्रिक्स की कोशिश का विरोध कर रहा है। जबकि ये दो मुद्दे ही दक्षिण अफ्रीका के जोहानेसबर्ग में आयोजित शिखर सम्मेलन में प्रमुख मुद्दा थे। शिखर सम्मेलन से ठीक पहले यह बात साफ हो गई थी कि ब्रिक्स जोहानेसबर्ग शिखर सम्मेलन में अपनी अलग करेंसी का एलान नहीं करेगा। इसके बजाय वहां चर्चा ब्रिक्स देशों के बीच आपसी कारोबार में भुगतान अपनी मुद्राओं में करने का सिस्टम बनाने पर होगा। इसे आर-5 यानी रुपया, रेनमिनबी, रुबल, रैंड और रियाल- के बीच सहयोग के नाम से जाना जा रहा है।

---

> “ एक दिक्कत यह भी है कि चीन के नेता अपनी सेना के साथ एकतरफा संवाद रखते हैं। वहां की सेना को इतनी भी आजादी हासिल नहीं कि वह किसी कार्रवाई की रिपोर्ट अपने तईं भेज सके। उसे बस ऊपर से मिले आदेश का पालन करना होता है। इसलिए अगर मोदी-जिनपिंग बातचीत के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के सैनिकों का व्यवहार बदलता है, तभी यह माना जाएगा कि उसे अपने शीर्ष नेता से कुछ संकेत मिले हैं।

## क्या सीमा पर मेल बढ़ाएगी यह मुलाकात

शशांक, पूर्व विदेश सचिव



दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स की बैठक से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अनौपचारिक बातचीत के गहरे अर्थ हैं। साल 2020 की गलवान झड़प से पहले दोनों देशों के रिश्ते ठीक-ठाक ही थे। कुछ सीमावर्ती इलाकों में चीन द्वारा स्थायी निर्माण-कार्य के कारण थोड़ा तनाव जरूर था, लेकिन दोनों देशों के शीर्ष नेताओं की आपसी मुलाकात होती रहती थी। मगर गलवान की घटना के बाद अविश्वास का माहौल बना, जिसकी वजह से इस तरह की बैठकें बंद हो गईं और मुख्यत: सैन्य स्तर पर यथास्थिति बहाल करने के प्रयास होने लगे। यही कारण था कि ब्रिक्स की बैठक के शुरू होने से पहले तक यह तय नहीं था कि दोनों नेता आपस में मिलेंगे!

इससे पहले पिछले साल जी-20 की बाली बैठक में भी प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात हुई थी। मगर उम्मीद के मुताबिक उसका उतना असर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर नहीं दिखा था। यहां तक कि उस मुलाकात के बाद दोनों देशों के मीडिया से जो सूचनाएं साझा की गईं, वे भी मेल नहीं खा रही थीं। हालांकि, बाद में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार या विदेश मंत्री के स्तर पर जो वार्ताएं हुईं, उनसे यह एहसास हुआ कि दोनों देश विश्वास बहाली और सेना को अपने-अपने शिविरों में वापस लौटाने को लेकर गंभीर हैं। चूंकि उस बैठक के बाद नाममात्र सुधार दिखा था, इसीलिए यह उम्मीद की जा रही है कि ताजा बैठक के बाद उसमें कुछ तेजी आ सकती है। विशेषकर अगले महीने जी-20 के सम्मेलन में भाग लेने के लिए शी जिनपिंग दिल्ली आने वाले हैं, इसलिए माना जा रहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर कुछ ठोस देखने को मिल सकता है। हालांकि, चीन का रुख कितना नरम पड़ा है, यह परखने के लिए हमारे पास वक्त काफी कम है।

एक दिक्कत यह भी है कि चीन के नेता अपनी सेना के साथ एकतरफा संवाद रखते हैं। वहां की सेना को इतनी भी आजादी हासिल नहीं कि वह किसी कार्रवाई की रिपोर्ट अपने तईं भेज सके। उसे बस ऊपर से मिले आदेश का पालन करना होता है। इसलिए अगर मोदी-जिनपिंग बातचीत के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के सैनिकों का व्यवहार बदलता है, तभी यह माना जाएगा कि उसे अपने शीर्ष नेता से कुछ संकेत मिले हैं, अन्यथा इस मुलाकात को रस्मी मानकर ही संतोष करना होगा। हालांकि, जिस तरह की वैश्विक परिस्थितियां हैं, उनमें ऐसी मुलाकात की जरूरत दोनों देशों को थी। कोशिश यही की गई होगी कि जिन-जिन क्षेत्रों को लेकर सहमति बन चुकी है, वहां यथास्थिति जल्द बहाल की जाए और डेमचौक-डेप्सांग जैसे इलाकों में, जहां दोनों देशों में सहमति नहीं बनी है, वहां अधिकारीगण आगे की रूपरेखा तय करें।

द्विपक्षीय संबंध को सामान्य बनाना बहुत जरूरी है, लेकिन इसके लिए भारत अब कोई कीमत चुकाने को तैयार नहीं है। अमूमन चीन के नेता सीमा विवाद को किनारे करके बाकी क्षेत्रों में संबंध आगे बढ़ाने की वकालत करते रहे हैं। यही कारण है कि चीन हमारा बड़ा कारोबारी साझेदार बन चुका है और व्यापार संतुलन भी उसी के पक्ष में है। यहां तक कि जितना हमारा रक्षा बजट (करीब 67 अरब डॉलर) है, करीब-करीब उतना ही चीन के साथ हमारा व्यापारा घाटा (करीब 69 अरब डॉलर) है। यह इसलिए हुआ, क्योंकि 2020 से पहले हमने चीन के साथ कदम मिलाने की नीति ही अपना रखी थी। मगर अब तस्वीर बदल चुकी है। फिर, हमारी सरकार पर संबंध सामान्य बनाने का कोई जन-दबाव भी नहीं है, बल्कि ऐसा कुछ करने की अतिरिक्त कोशिश आम लोगों की नजरों में सरकार की छवि बिगाड़ सकती है। लिहाजा, बहुपक्षीय मंचों पर भारत की तरफ से परिस्थितिवश उदारता जरूर दिखाई जा रही है, मगर द्विपक्षीय बैठकों में हमारा सख्त रुख बरकरार है। हम नहीं चाहते कि अब चीन को एकतरफा फायदा मिले।

इस मुलाकात का एक पहलू निस्संदेह अगले महीने भारत में होने वाली जी-20 की शिखर बैठक भी है। मोदी सरकार का स्पष्ट मानना है कि इस बैठक में जिन-जिन देशों के शासनाध्यक्ष आएं, उनके साथ सकारात्मक माहौल में बातचीत हो। बेशक कई मामलों में चीन हमसे बेहतर है, लेकिन अब वह हम पर दबाव नहीं बना सकता। आपसी संबंध को सामान्य बनाने के लिए उसे ही कुछ झुकना होगा। ब्रिक्स बैठक में जो फैसले लिए गए हैं, और जी-20 की अध्यक्षता से भारत की जो हैसियत बढ़ी है, उसे चीन नजरंदाज नहीं कर सकता। भारत अब वैश्विक दक्षिण की एक समर्थ आवाज बन चुका है। तमाम देशों के साथ हमारे संबंध काफी बेहतर हुए हैं। ऐसे में, बीजिंग अपनी विस्तारवादी नीतियों या सैन्य दबाव का दांव हम पर नहीं आजमा सकता। वह अब कहीं भी हमें पूरी तरह से किनारे नहीं कर सकता।

आम धारणा यही है कि चीन एशिया महाद्वीप में अपना प्रभुत्व बनाना चाहता है। इसके लिए वह कई मोर्चों पर काम कर रहा है। इसमें उसका सबसे प्रभावी हथियार है, कर्ज देकर दूसरे देश को अपनी शर्तों के अधीन करना। भारत उसकी इस रणनीति से अवगत है, और वक्त-वक्त पर हम उसे उचित जवाब भी दे रहे हैं। गलवान से पहले तक तो चीन यही मानता था कि सीमावर्ती इलाकों में वह जो भी निर्माण-कार्य करेगा, भारत उस पर चुप्पी साधे रहेगा। मगर नई दिल्ली ने स्पष्ट कर दिया कि यह 1960 का दशक नहीं है। इसीलिए भी सीमा पर तनातनी बनी हुई है, क्योंकि भारत अपनी जगह छोड़ने को कतई तैयार नहीं है। हालांकि, इसका यह अर्थ नहीं कि हम तनाव बनाए रखना चाहते हैं। हमारी कोशिश यही है कि बातचीत से इस मसले का समाधान हो।

यही कारण है कि अनौपचारिक ही सही, हमारे प्रधानमंत्री ने चीन के शासनाध्यक्ष से मुलाकात की। मगर चीन की मानसिकता में कितना बदलाव आया है, इसका पता सीमावर्ती इलाकों की स्थिति से ही चलेगा। एक सच्चाई यह भी है कि पिछले 10 महीने से चीन के राजदूत भारत में नहीं बैठ रहे। यह आपसी संबंधों का एक नकारात्मक पहलू है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिनपिंग से मुलाकात करके यह स्पष्ट करने का प्रयास किया है कि हम संबंधों को आगे बढ़ाने के पक्षधर हैं। मगर इसके लिए पहल अंतत: चीन को ही करनी होगी। तभी वास्तविक नियंत्रण रेखा का भी समाधान निकल सकेगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## सौ साल बाद भी याद किया जाता है वह मतवाला

आद्या प्रसाद द्विवेदी, हिंदी के पूर्व प्रोफेसर

भारतीय नवजागरण वस्तुत: लंबे समय से चले आ रहे जड़ मानसिक विचारों तथा रूढ़ परंपराओं के विरोध में एक नई चेतना का प्रसार है। इस संदर्भ में हम हिंदी प्रदेश की जन-जागृति धारा में विभिन्न साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं की उपस्थिति देखते हैं। चूंकि नवजागरण का अनुभव सबसे पहले बंगाल ने किया, इसलिए स्वाभाविक था कि आधुनिक चेतना से ओत-प्रोत पत्र-पत्रिकाओं का उदय वहीं हुआ। साल 1826 में ही हिंदी का सबसे पहला समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड कोलकाता से प्रकाशित हुआ था। हालांकि, वह ग्राहकों के अभाव में कुछ समय बाद बंद हो गया। उदन्त मार्तण्ड के प्रकाशन के करीब 97 वर्ष बाद कोलकाता से ही 26 अगस्त, 1923 को बाबू महादेव प्रसाद सेठ के उद्यम से साप्ताहिक मतवाला का प्रकाशन शुरू हुआ। आज इस पत्र के सौ साल हो गए, तो उसकी याद स्वाभाविक है।

मतवाला के संपादक के रूप में सेठ महादेव प्रसाद का नाम मुख्य पृष्ठ पर छपा करता था, पर संपादक की असली भूमिका में चार विद्वान साहित्यकार रहते- आचार्य शिवपूजन सहाय, सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', मुंशी नवजादिक लाल और पाण्डेय बेचन शर्मा उग्र। निराला ने पत्र के मुख्य पृष्ठ के लिए अपनी काव्य प्रतिभा का इस्तेमाल करते हुए एक कविता लिखी थी, अमिय गरल शशि-सीकर रविकर राग विराग भरा प्याला/ पीते हैं जो साधक उनका प्यारा है यह मतवाला। मतवाला के दूसरे पृष्ठ पर आत्म परिचय प्रकाशित होता था, जिस पर अकबर इलाहाबादी की कविता की पंक्ति दी जाती थी, खींचो न कमानों को न तलवार निकालो। जब तोप मुकाबिल हो, तो अखबार निकालो। आज भी लोग इन पंक्तियों को भूले नहीं हैं और बार-बार याद करते हैं।

आत्म परिचय के अंतर्गत ही संपादकों द्वारा अपने पत्र के उद्देश्य को इंगित करते हुए कहा गया था कि राष्ट्र, जाति, संप्रदाय, भाषा, धर्म, समाज, शासन प्रणाली,



साहित्य और व्यापार आदि समस्त विषयों का निरीक्षण- संरक्षण ही मेरी योजना का अभिसंधान है। मैं इसे पूरा करने के लिए संकोच, भय, ग्लानि, चिंता और पक्षपात का उसी प्रकार त्याग कर दूंगा, जिस प्रकार यहां के नेता निजी स्वार्थ का त्याग करते हैं। जिस समय मतवाला का प्रकाशन प्रारंभ हुआ, संपूर्ण भारत में राष्ट्रीय आंदोलन का प्रभाव देखा जा रहा था। राष्ट्रीयता, समाज सुधार की चर्चाएं और फिरंगियों को देश बाहर करने की भावनाएं बलवती थीं। महात्मा गांधी जैसी विभूति के आगमन ने पूरे आंदोलन को एक नई ऊर्जा से भर दिया था।

वैसे मतवाला राष्ट्रीयता से ओत-प्रोत हास्य-व्यंग्य, विनोद प्रधान साहित्यिक पत्र था। इसका पूरा स्वरूप विलक्षण था। युगीन चेतना के प्रति वह सदैव सचेत रहता था। उसके संपादक, संचालक सजग होकर देश-दशा व साहित्यिक गतिविधियों को देखते-परखते थे। बाबू शिवपूजन सहाय के शब्दों में कहें, तो 'शाम को रोज बनारसी बूटी बनती थी। भंग छानने के बाद कुछ घंटे हम लोगों की सम्मिलित बैठक होती थी। उसमें अखबार की खबरों पर विचार-विनिमय होता था। देश, समाज, धर्म और साहित्य से संबंध रखने वाले महत्वपूर्ण समाचारों और ज्वलंत राजनीतिक समस्याओं पर सूझ-बूझ भरी टिप्पणियों का निश्चय किया जाता था। भंग की तरंग में सेठ जी की सूझबूझ बड़ी निराली होती थी।'

मतवाला में अन्याय और अनैतिकता पर करारा व्यंग्यवाण चलाया जाता था। लेखनी से वह चाबुक का काम करता था और अपनी लेखनी की चक्की में बड़े-बड़े लोगों को रगड़कर अपनी कसौटी पर कसता भी था। मतवाला का चाबुक का लेखन छद्म नाम से कवि निराला किया करते थे। साधारण व्यक्तियों से लेकर प्रख्यात साहित्यकारों व राष्ट्रीय नेताओं को भी कसौटी पर कसा जाता था। चाबुक की चोट से बड़े-बड़े लोगों के पैर हिल जाते थे, वे अपनी गलत प्रवृत्तियों को छोड़ने तथा अपना मार्ग बदलने को विवश हो जाते थे।

आज जब पत्रकारिता में संकट और संक्रमण काल की चर्चा है, तब हमें मतवाला की खूबियों को अपने हिसाब से परखना चाहिए। समय व समाज बदल गया, लिखने और पढ़ने वाले बदल गए, किंतु मतवाला अपनी जगह खड़ा आज भी कर्तव्य की याद दिला रहा है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## नए कानून क्या न्याय की गारंटी होंगे?

अजीत द्विवेदी

भारतीय दंड संहिता की जगह अब भारतीय न्याय संहिता लागू की जाएगी। अपराध प्रक्रिया संहिता की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू होगी और साक्ष्य कानून की जगह भारतीय साक्ष्य कानून लागू होगा। केंद्र सरकार ने इसके लिए मॉनसून सत्र में तीन विधेयक पेश किए और तीनों विधेयकों को गृह मामलों की संसदीय समिति के पास विचार के लिए भेज दिया गया है। संसदीय समिति को तीन महीने का समय दिया गया है। इसका मतलब है कि नवंबर में जब संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होगा तब तक संसदीय समिति की रिपोर्ट आ चुकी होगी और उसके हिसाब से सुझावों-संशोधनों को इसमें शामिल करके बिल को पास कराने के लिए संसद में रखा जा सकता है। अगर ये तीनों बिल पास हो जाते हैं, जिसकी पूरी संभावना है तो यह देश की न्यायिक व्यवस्था में एक नए दौर की शुरुआत होगी।

ध्यान रहे भारतीय दंड संहिता 1861 में लागू की गई थी, जिसे थोड़े बहुत बदलाव के साथ अभी तक जारी रखा गया है। अपराध प्रक्रिया संहिता को 1973 में लागू किया गया था और साक्ष्य कानून 1872 में अस्तित्व में आया था। इनमें समय समय पर बदलाव किया गया और देश, समाज की बदलती जरूरतों के हिसाब से इन्हें नया रूप देने की कोशिश की गई। लेकिन कभी भी इसे पूरी तरह से बदलने का प्रयास नहीं हुआ या मौजूदा समय की जरूरत के हिसाब से व्यापक बदलाव नहीं किया गया। इस लिहाज से कह सकते हैं कि सरकार का प्रयास गंभीर है, जरूरी है और व्यापक भी है। लंबे विचार विमर्श के बाद इन तीनों कानूनों में बदलाव का मसौदा बना है और उसे संसद में रखा गया है।



इन तीनों कानूनों में बदलाव के लिए पेश किए गए मसौदे पर कानूनी जानकारों ने बहुत बारीकी से विचार किया है और इसकी कमियों, खूबियों को उजागर किया है। हालांकि देश के अनेक जाने-माने कानूनी जानकार दलगत निष्ठा से बंधे हुए हैं या वैचारिक आधार पर मुख्तलिफ राय रखते हैं। इसलिए उनकी समीक्षा बुनियादी रूप से एकतरफा है। ऐसा नहीं है कि इन तीनों कानूनों में सब कुछ खराब है। इसमें कुछ अच्छी और जरूरी चीजें भी हैं लेकिन इसकी जो खामी है वह बहुत बड़ी है और उम्मीद करनी चाहिए कि संसदीय समिति उस पर गंभीरता से विचार करेगी और सरकार को उसे बदलने की सिफारिश करेगी। अपराध प्रक्रिया संहिता की जगह सरकार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता का जो मसौदा लेकर आई है उसमें सबसे बड़ी खामी किसी नागरिक को बिना आरोप लगाए तीन महीने तक पुलिस हिरासत में रखने का प्रावधान है। इसे बदला जाना चाहिए।

मौजूदा अपराध प्रक्रिया संहिता में किसी भी नागरिक को बिना आरोप लगाए 60 दिन तक पुलिस हिरासत में रखा जा सकता है। तभी गिरफ्तारी के 24 घंटे के अंदर पुलिस किसी आरोपी को अदालत में पेश करती है और अदालत उसे दो बार या तीन बार पुलिस हिरासत में भेजती है उसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाता है। नए कानून में प्रावधान है कि गिरफ्तारी के बाद आरोपी को 60 दिन तक हिरासत में रखा जा सकता है और फिर 90 दिन तक बढ़ाया जा सकता है। यह बहुत कठोर और बर्बर प्रावधान है। किसी भी व्यक्ति को बगैर न्यायिक अभिरक्षा के इतने लंबे समय तक अगर पुलिस की हिरासत में रखा जाता है तो यह उसके साथ बहुत बड़ी ज्यादती होगी। इतनी लंबी अवधि में उसके ऊपर दबाव बनाने और उससे जोर जबरदस्ती गुनाह कबूल कराने की संभावना रहेगी। पुलिस हिरासत की इतनी लंबी अवधि किसी को भी तोड़ सकती है। इसमें गुनाहगार और बेगुनाह दोनों के साथ ज्यादती की संभावना है।

इस तरह का प्रावधान करते समय मसौदा तैयार करने वाले जानकारों को दुनिया की बेस्ट प्रैक्टिस के बारे में जानकारी लेनी चाहिए थी। दुनिया में सबसे बेस्ट प्रैक्टिस स्कॉटलैंड में है, जहां बिना आरोप लगाए किसी भी व्यक्ति को सिर्फ छह घंटे तक पुलिस हिरासत में रखा जा सकता है। अगर छह घंटे की अवधि बहुत कम है तो इसे छह दिन किया जा सकता है लेकिन 90 दिन की पुलिस हिरासत का प्रावधान इस पूरी कवायद पर एक दाग है, जिसे हटाना सबसे जरूरी है। इसी तरह से एक कठोर प्रावधान हथकड़ी लगाने का है। भारत में इसका प्रावधान नहीं है लेकिन नए कानून में पुलिस को अपने विवेक से हथकड़ी लगाने का अधिकार दिया जाएगा। इसी तरह विशेष स्थितियों में रात में महिलाओं की गिरफ्तारी का अधिकार दिया जा रहा है और किसी भी गिरफ्तारी के समय हर तरह के उपायों का इस्तेमाल करने का अधिकार भी पुलिस को दिया जा रहा है। अगर यह कानून बनता है तो गिरफ्तारी के समय हिंसा और यहां तक की इनकाउंटर तक को वैधता मिल जाएगी।

भारतीय न्याय संहिता में सरकार ने देशद्रोह की धारा हटा दी है लेकिन राज्य के प्रति अपराध को शामिल कर लिया है, जो पहले वाले कानून से ही मिलता जुलता है। राज्य के खिलाफ बोलने या किसी भी माध्यम से की जाने वाली अभिव्यक्ति या वित्तीय लेन-देन को लेकर यह कानून लागू किया जा सकता है। इसमें सात साल से उम्रकैद तक की सजा है। इसलिए कुछ ज्यादा बदलाव होते नहीं दिख रहे हैं, बल्कि पुलिस को पहले के मुकाबले स्वविवेक से ज्यादा फैसले करने का अधिकार दिया जा रहा है। इसके अलावा वकीलों से लेकर आम लोगों तक के लिए एक मुश्किल कानून की धाराओं के नंबर बदले जाने से होगी। नए कानून में हत्या के लिए 302 की जगह धारा 101 लगेगी और धोखाधड़ी के लिए धारा 420 की जगह 316 होगी। पिछले 163 साल में लोगों की जुबान पर ये धाराएं हैं। पुराने मामलों में मुकदमे इन्हीं धाराओं में चल रहे हैं और दस्तावेजों में पुरानी धाराएं ही लिखी हुई हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक्स के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### पर्यवेक्षक खुली सीधी भर्ती एवं पर्यवेक्षक परिसीमित सीधी भर्ती परीक्षा के लिए उड़नदस्ता नियुक्त

**कोरबा।** छतीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा पर्यवेक्षक खुली सीधी भर्ती एवं पर्यवेक्षक परिसीमित सीधी भर्ती परीक्षा 27 अगस्त 2023 दिन रविवार को क्रमश: प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से 12:15 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 02 बजे से 04:15 बजे तक दो पालियों में आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा के सफल संचालन हेतु संयुक्त कलेक्टर श्री अवध सिंह राणा, डिप्टी कलेक्टर श्री सरोज कुमार महिलांगे एवं सहायक परियोजना अधिकारी जिला शिक्षा विभाग श्री एच.आर. मिरेन्द्र को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के सुचारू संचालन एवं केन्द्र में व्यवस्था बनाए रखने व अनुचित साधनों के रोकथाम तथा निरीक्षण हेतु उडनदस्ता नियुक्त किया गया है। जिसके अंतर्गत कृषि विस्तार अधिकारी पी.एल.मिरेंद्र, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोनबिर्रा संजीव खाखा एवं व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली श्रीमती रूचि श्रीवास्तव को प्रथम पाली हेतु परीक्षा केंद्र 2201 से 2210 तक 10 परीक्षा केंद्रों में तथा द्वितीय पाली में परीक्षा केंद्र 2201 से 2204 तक 04 परीक्षा केंद्रो हेतु के लिए उडनदस्ता नियुक्त किया गया है।

### दुर्घटनाओं को रोकथाम, एनएचएआई और हाइवे के पास खुलेंगे गोशाला

**रायपुर।** बेसहारा पशुओं से लगातार सड़क दुर्घटना और लोगों की मृत्यु के बाद अब राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य मार्गों के समीप गोशाला खोलने के लिए सहमति बन चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य गो-सेवा आयोग ने अशासकीय संस्थाओं, एनजीओ से नए गोशालाओं के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किया है। गो-सेवा आयोग का तर्क है कि बेसहारा पशुओं के व्यवस्थापन करने के बाद उन्हें सड़क पर आने की जरूरत नहीं होगी। गोशाला में ही उनके खाने-पीने, रहने का इंतजाम किया जाएगा। यातायात विभाग की रिपोर्ट पर गौर करें तो 18 महीनों में बेसहारा पशुओं की वजह से या इनसे टकराकर 128 लोगों की मौत हो चुकी है। 1 जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2022 तक प्रदेश में 141 दुर्घटनाओं में 92 लोगों की मौत हो गई, वहीं 51 घायल हुए, वहीं 1 जनवरी 2023 से 15 जुलाई 2023 के बीच 55 सड़क दुर्घटना में 36 लोगों की मृत्यु और 15 घायल हुए।

### इस बार ऑफलाइन होंगे एडमिशन: राज्य के कॉलेजों में 10 सितंबर तक एडमिशन होंगे

**रायपुर।** प्रदेश के कॉलेजों में यूजी और पीजी की खाली सीटों पर अब 10 सितंबर तक एडमिशन होंगे। प्रवेश तिथि बढ़ा दी गई है। पहले प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त थी। अंतिम तिथि तक पं. से सम्बद्ध कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष की 50 हजार से अधिक सीटें खाली थीं। रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, सरगुजा विश्वविद्यालय, दुर्ग विश्वविद्यालय, बिलासपुर विश्वविद्यालय और बस्तर विश्वविद्यालय। पीजी सीटें जुड़ने पर रिक्त सीटों की संख्या और भी अधिक हो जाती है। इसे लेकर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश की तिथि बढ़ा दी गई है। नए आदेश के बाद 24 अगस्त से दोबारा प्रवेश शुरू होंगे। प्राचार्य स्तर पर 31 अगस्त तक और कुलपति की अनुमति से 10 सितंबर तक प्रवेश दिए जाएंगे। वहीं, 14 अगस्त की स्थिति में एडमिशन को लेकर हुई जांच में यह बात सामने आयी थी कि स्नातक में पीटी से संबद्धता के लिए 42 हजार सीटें हैं।

राजीव कुमार ने दीप दान कर लोगों को मतदान के लिए किया प्रेरित

# आओ एक दीप जलाएं, मतदान की अलख जगाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अगुआई में भारत निर्वाचन आयोग का दल छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए की जा रही प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा के लिए आया हुआ है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार ने निर्वाचन आयुक्त अनूप चन्द्र पांडेय और अरुण गोयल के साथ बूढ़ा तालाब विवेकानंद सरोवर परिसर में आयोजित मतदाता महोत्सव में शिरकत की। उनके साथ निर्वाचन आयोग के आयुक्त अनूप चन्द्र पांडेय और अरुण गोयल तथा अन्य सदस्यों सहित राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले ने बूढ़ा तालाब में दीप दान कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

## सीईसी बूढ़ातालाब परिसर में मतदाता महोत्सव में हुए शामिल इपिक कार्ड का वितरण भी किया




सीईसी श्री कुमार और राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने अधिक से अधिक लोगों से दीप दान के साथ मतदान करने का संकल्प लेने की अपील की। महोत्सव में भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को मतदान का महत्व भी बताया। सुश्री रीना बाबा साहब कंगाले ने मतदाता महोत्सव के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने राज्य चल रहे मतदान और निर्वाचन संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी भी दी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने भारत निर्वाचन आयोग का आभार प्रदर्शन किया और आश्वस्त किया कि आयोग द्वारा निर्धारित नियमों, प्रक्रियाओं और मापदण्डों के अनुसार ही राज्य में विधानसभा निर्वाचन सम्पन्न कराया जाएगा। प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में राज्य में मतदान और मतदान प्रक्रिया से लोगों को अवगत कराने अब तक किए गए प्रयासों का प्रदर्शन किया गया है। राज्य में विशेषत: अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में मतदान सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों और निर्वाचन-दर-निर्वाचन आये सकारात्मक परिणामों का भी प्रदर्शन किया गया। राजीव कुमार ने मतदाता महोत्सव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ने और निर्वाचन प्रक्रिया के सहज- सरल तरीके से पूरे होने में राज्य की महिला मतदाताओं की सहभागिता प्रदर्शित करती हुई पुस्तक ''शक्ति'' का भी विमोचन किया। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुशंसित गीत ''मैं भारत हूं'' के छत्तीसगढ़ी अनुवाद का भी विमोचन किया। महोत्सव में नये युवा मतदाताओं, विशेष पिछड़ी जनजातियों के मतदाताओं को इपिक कार्ड का वितरण भी किया गया। मतदाता महोत्सव के दौरान राज्य के पांचों संभागों से चयनित पांच श्रेष्ठ बीएलओ का भी सम्मान किया गया। इन बूथ स्तरीय अधिकारियों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के काम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही मतदाता सूचियों में वर्तमान पतें पर नाम जोड़ने और पूर्व पते से नाम कटवाने का संदेश देने के लिए पांच नव विवाहित वधुओं को भी महोत्सव में सीईसी ने इपिक कार्ड प्रदान किए।

### मतदाता जागरूकता पर नाटक का मंचन

खैरागढ़ संगीत कला विश्वविद्यालय से आए छात्रों ने मतदाता जागरूकता पर नाटक का मंचन किया। उन्होंने न नशे से न नोट से/सरकार चलेगी वोट से, युवा हो तुम देश की शान/जागो उठो करो मतदान जैसे नारों के साथ नाटक का मंचन किया। 'मैं भारत हूँ भारत है मुझमें' गीत का छत्तीसगढ़ी भाषा में अनुवाद का हुआ विमोचन मैं भारत हूँ भारत है मुझमें/ मैं ताकत हूँ ताकत है मुझमें, गीत का छत्तीसगढ़ी भाषा में अनुवाद का विमोचन भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार द्वारा किया गया। इस गीत में छत्तीसगढ़ के कला, निर्देशन, अभिनय और स्पोर्ट्स जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े लोगों का फिल्मांकन है। गीत में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, सभ्यता और ऐतिहासिक विरासतों के फिल्मांकन के साथ मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया है।

### मलखम्ब से शरीर और मतदान से लोकतंत्र होता है मजबूत

कार्यक्रम में मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने, मतदान का महत्व बताने और आगामी निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करने मलखम्ब प्रदर्शन भी किया गया। मलखम्ब देश का अद्भुत खेल है जिसके योग, कुश्ती और जिमनास्टिक का समन्वय है। इस खेल से जहां शरीर निरोगी और स्वस्थ्य होता है। वहीं मतदान से लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। भारत निर्वाचन आयोग ने सभी मतदाताओं से आगामी विधानसभा चुनाव में अपना मतदान अवश्य ही करने की अपील भी की।

महोत्सव में मलखम्ब का प्रदर्शन अबूझमाड़ मलखम्ब अकादमी के खिलाड़ियों ने किया। थोड़े ही समय में मलखम्ब खेल ने छत्तीसगढ़ को बड़ी पहचान दिलाई है। मलखम्ब के खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर 90 पदक, राष्ट्रीय स्तर पर 45 पदक और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 03 स्वर्ण पदक भी जीते है। इंडिया गॉड टैलेंट जैसे रियलिटी शो के जरिये भी अबूझमाड़ के इन खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया है। प्रदेश में स्वतंत्र निष्पक्ष तरीके से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए इन खिलाड़ियों का सहयोग स्वीप गतिविधियों में किया जा रहा है। मतदाता महोत्सव में खैरागढ़ के इंदिरा संगीत कला विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने निर्वाचन में मतदान के महत्व पर आधारित लघु नाटिका का भी मंचन किया और एक-एक वोट की अहमियत बताई। लघु नाटिका के माध्यम से भी लोगों को अनिवार्य रूप से मतदान के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के आगमन पर राजधानी रायपुर स्थित बूढ़ा तालाब में आयोजित मतदाता महोत्सव में नारायणपुर के अबूझमाड़ मलखम्ब एकेडमी की टीम ने शानदार प्रस्तुति दी। बेहतरीन समन्वय के साथ मैं भारत हूँ भारत है मुझमें/मैं ताकत हूँ ताकत है मुझमें, गीत पर मलखम्ब की प्रस्तुति ने खूब वाहवाही बटोरी।

तहसीलदार से लेकर पंचायत सचिव को नोटिस

# कबीरधाम के कलेक्टर को मिली चुनाव कार्य में लापरवाही



श्रीकंचपनथ न्यूज

**कबीरधाम।** कबीरधाम के कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को ध्यान में रखते हुए कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों की व्यवस्था और विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पुनरीक्षण कार्य और मतदान केंद्र के सभी मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन कर सुधार और मरम्मत कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान कलेक्टर महोबे ने निर्वाचन कार्य के निर्देशों का कंप्लांस नहीं होने पर तहसीलदार पंडरिया सुनील सोनपीपारे, जनपद सीईओ पंडरिया तरुण बघेल, पटवारी हरिहर गुप्ता और सोमेश्वर ठाकुर, ग्राम सचिव माखन सिंह धुर्वे, रोशन चंद्रवंशी को शो केस नोटिस जारी करने निर्देश दिए हैं।

इस मौके पर कलेक्टर महोबे ने इलेक्शन कमीशन के गाइडलाइन अनुसार, मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, रैंप, छाया, नेटवर्क कनेक्टिविटी, मतदान केन्द्रों का नाम लेखन आदि की सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बूथ लेबल अधिकारियों से आवश्यक चर्चा कर निर्वाचन कार्य को गंभीरता से करने निर्देश दिए। बीएलओ को अपने क्षेत्र के नए मतदाता, दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की जानकारी रखते हुए सभी का नाम मतदाता सूची में जोड़ने कहा।

नरवा विकास : वन क्षेत्रों में 30-40 मॉडल के लगभग 2 लाख संरचनाओं का हो रहा निर्माण

# अनउपजाऊ तथा बंजर भूमि में 30-40 मॉडल है काफी फायदेमंद - मंत्री अकबर

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना के अंतर्गत विगत 4 वर्षों के दौरान वनांचल में स्वीकृत 30-40 मॉडल के 1 लाख 80 हजार संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर है। इनमें से अब तक पूर्ण हुए लगभग 1 लाख 54 हजार संरचनाओं से वनांचल के 1959 हेक्टेयर से अधिक भूमि का उपचार हो चुका है। इसके तहत 30-40 मॉडल के समस्त 1 लाख 80 हजार संरचनाओं के निर्माण से वनांचल के लगभग 2395 हेक्टेयर अनउपजाऊ तथा बंजर भूमि को उपचार का लाभ मिलेगा।



नरवा विकास कार्यक्रम में कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2019-20 के अंतर्गत 30-40 मॉडल में कुल स्वीकृत 56 हजार 126 संरचनाओं में से अब तक समस्त 56 हजार 126 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इसी तरह वार्षिक कार्ययोजना 2020-21 के अंतर्गत 30-40 मॉडल में कुल स्वीकृत 57 हजार 341 संरचनाओं में से अब तक 49 हजार 891 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। इसके अलावा कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2021-22 के अंतर्गत 30-40 मॉडल में कुल स्वीकृत 53 हजार 463 संरचनाओं में से अब तक 38 हजार 562 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इसी तरह कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2022-23 के अंतर्गत 30-40 मॉडल में कुल स्वीकृत 12 हजार 698 संरचनाओं में से अब तक 9 हजार 906 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।

नरवा विकास योजना में इसकी उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि यह संरचना वनांचल के लिए काफी उपयोगी है। इसके मद्देनजर उन्होंने राज्य के वनांचल स्थित उछले भागों अथवा ढलान क्षेत्रों में 30-40 मॉडल के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से शामिल करने के निर्देश दिए है। गौरतलब है कि नरवा विकास योजना के तहत बनाए जा रहे 30-40 मॉडल के बारे में प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि वनांचल के जिन क्षेत्रों में मिट्टी की गहराई बहुत ही कम होती है तथा मुरमी मिट्टी, हल्की पथरीली भूमि, अनउपजाऊ भूमि, छोटे झाड़ों के वन और बंजर भूमि में यह मॉडल बहुत उपयुक्त है।

इसके निर्माण से कुछ दिनों के पश्चात् उक्त क्षेत्रों की भूमि उपजाऊ होने लगती है। 30-40 मॉडल में वर्षा जल को छोटे-छोटे चोकाकर मेड़ों के माध्यम से एक 7 ङ्ग 7 ङ्ग 3 फीट के गड्ढे में भरते हैं और इसे श्रृंखला में बनाने से उक्त स्थल में नमी अतिरिक्त समय तक बनी रहती है। इस पद्धति में कार्य करने से वर्षा के जल को काफी देर तक रोका जा सकता है।

# शासकीय महाविद्यालय झलमला में चलाया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा ।** पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय झलमला में राज्य निर्वाचन आयोग व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार महाविद्यालय के स्वीप सेल के बैनर तले मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत अलग-अलग विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें रंगोली, पोस्टर पेंटिंग, नारा लेखन, मेंहदी प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। सभी का थीम मतदाता जागरूकता के संदर्भ में रखा गया था। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अलग-अलग प्रतियोगिताओं में अधिक संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया ।



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य आर के पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं माताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया साथ ही उन्होंने यह भी कहा की न केवल अपना नाम जुड़वाएं बल्कि अपने आसपास के साथियों को भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रोत्साहित करें। बोड़ला तहसीलदार श्री प्रमोद चंद्रवंशी द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने नाम कटवाने एवं संशोधन करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। अंत में सभी छात्र-छात्राओं के साथ मिलाकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं अनिवार्य रूप से मताधिकार का प्रयोग करने के लिए संकल्प शपथ दिलाई गई। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी शिव प्रसाद जांगड़े के द्वारा किया गया।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### छत्तीसगढ़ में अब तक 719.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 719.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से 25 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1258.3 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 336.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 655.3 मिमी, बलरामपुर में 687.2 मिमी, जशपुर में 589.0 मिमी, कोरिया में 705.2 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 713.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 823.1 मिमी, बलौदाबाजार में 723.1 मिमी, गरियाबंद में 658.3 मिमी, महासमुंद में 750.2 मिमी, धमतरी में 721.4 मिमी, बिलासपुर में 733.4 मिमी, मुंगेली में 884.0 मिमी, रायगढ़ में 803.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 660.6 मिमी, जांजगीर-चांपा में 614.3 मिमी, सक्ती में 606.0 मिमी, कोरबा में 708.5 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 733.0 मिमी, दुर्ग में 578.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 559.7 मिमी, राजनांदगांव में 780.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 915.9 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 745.3 मिमी, बालोद में 763.9 मिमी, बेमेतरा में 556.8 मिमी, बस्तर में 728.1 मिमी, कोण्डागांव में 665.3 मिमी, कांकेर में 677.1 मिमी, नारायणपुर में 642.4 मिमी, दंतेवाड़ा में 822.3 मिमी और सुकमा में 1046.8 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

### राज्य में बांधों की सुरक्षा और रखरखाव के लिए 50 नए पद सृजित

**रायपुर।** जल संसाधन विभाग अंतर्गत 'राज्य बांध सुरक्षा संगठन' हेतु 50 पदों के सृजन की अनुशंसा की गई है। इनमें मुख्य अभियंता के एक पद के साथ अधीक्षण अभियंता (नागरिक) और अधीक्षण अभियंता (विद्युत/यांत्रिक) के एक-एक पद शामिल हैं। 'राज्य बांध सुरक्षा संगठन बांध सुरक्षा अधिनियम 2021 अंतर्गत बांध संबंधी आपदाओं के रोकथाम, बांधों की निगरानी, बांधों के निरीक्षण के साथ इनके संचालन व रखरखाव के लिए बनाये गये 'राज्य बांध सुरक्षा' संगठन हेतु इन पदों को सृजित किया गया है। इस संबंध में पद सृजन समिति की बैठक 3 अगस्त को आयोजित हुई थी।

अन्य सृजित पदों में कार्यपालन अभियंता (नागरिक) के 3, कार्यपालिक अभियंता (विद्युत/यांत्रिक) के 2, भूविज्ञानी (प्रतिनियुक्ति से) के 1, सहायक अभियंता (नागरिक) के 6, सहायक अभियंता (विद्युत/यांत्रिक) के 3, निज सहायक के एक, सहायक मानचित्रकार (नागरिक) के 6, सहायक मानचित्रकार (विद्युत/यांत्रिक) के 2, सहायक वर्ग 3 के 8, वाहन चालक के 8, भृत्य के 6 और फर्राश के एक पद शामिल हैं।

### एकलव्य विद्यालयों के कक्षा 6वीं में प्रवेश प्रक्रिया 28 अगस्त से 6 सितम्बर तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के एलडब्ल्यूई जिलों में एकलव्य विद्यालयों में विद्यार्थियों के प्रवेश परीक्षा में पर्याप्त प्रतिनिधित्व न होने से भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जिला स्तर पर मेरिट सूची तैयार कर प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की गई है। नवीन दिशा निर्देश अनुसार जिलों में प्रवेश प्रक्रिया के लिए मेरिट सूची के आधार पर विद्यालयों में 28 अगस्त से 6 सितम्बर 2023 तक प्रवेश प्रक्रिया होगी।

गौरतलब है कि भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा गठित राष्ट्रीय छात्र शिक्षा समिति के दिशा निर्देशों के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। राष्ट्रीय छात्र शिक्षा समिति द्वारा वर्ष 2023-24 के निर्देशों के अनुरूप कक्षा 6वीं में प्राक्कयन परीक्षा के परिणाम के आधार पर राज्य स्तरीय मेरिट सूची तैयार कर प्रवेश की प्रक्रिया की जा रही थी।

# मतदाता सूची का पुनरीक्षण पूरी गंभीरता, सूक्ष्मता और सावधानी से करें: भारत निर्वाचन आयोग

**ईसीआई ने निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग के लिए शराब, ड्रग्स, नगदी और फ्रीबीज के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखने कहा**

आयोग ने कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक कर विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारियों की जिलेवार समीक्षा की

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार तथा निर्वाचन आयुक्तद्वय अनूप चंद्र पांडेय और अरूण गोयल ने प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक, सभी संभागों के आयुक्त तथा पुलिस रेंजों के महानिरीक्षक के साथ बैठक कर विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारियों की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने वर्तमान में राज्य में चल रहे मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रगति की जानकारी ली और निर्वाचक नामावली को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने पर जोर दिया। आयोग ने मतदाता सूची का पुनरीक्षण पूरी गंभीरता, सूक्ष्मता और सावधानी से करने को कहा। आयोग ने इपिक कार्ड की प्रिंटिंग और वितरण की भी जानकारी ली।

भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन व्यय की मॉनिटरिंग के लिए राज्य में शराब, ड्रग्स, नगदी और फ्रीबीज के परिवहन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के लागू होने का इंतजार न करते हुए ऐसे मामलों में तत्परता से कार्यवाही करने को कहा। आयोग ने आज दिनभर चली बैठक में मतदान केंद्रों में व्यवस्था, ईवीएम और वीवीपैट की उपलब्धता व भंडारण तथा मानव संसाधन, वाहन तथा शिकायत निवारण प्रबंधन की समीक्षा की।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त, निर्वाचन आयुक्तद्वय और आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में विधानसभा निर्वाचन के लिए पोस्टल बैलेट की आवश्यकता, कम्युनिकेशन प्लान, निर्वाचन संपन्न कराने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशिक्षण, कानून-व्यवस्था की स्थिति और स्वीप गतिविधियों की भी समीक्षा की। भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेन्द्र शर्मा और नितेश व्यास, उप निर्वाचन आयुक्त हृदेश कुमार, मनोज कुमार साहू, आरके गुप्ता और अजय भादू, महानिदेशक बी. नारायणन, निदेशक यशवेंद्र सिंह और अशोक कुमार, वरिष्ठ प्रधान सचिव एनएन बुटोलिया, प्रधान सचिव एसबी जोशी, संयुक्त निदेशक अनुज चांडक, अवर सचिव रितेश सिंह, छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले और सुरक्षा नोडल अधिकारी ओपी पाल भी बैठक में शामिल हुए।

## कठपुतली नृत्य बना आकर्षण का केंद्र, रोचक नृत्यों से मतदाताओं को दिया मतदान का संदेश

**विशेष रूप से तैयार की गई कठपुतली चुनई चिरई का नृत्य सबको भाया**

**15 फिट के राजा और रानी तपस्या कठपुतली के नृत्य ने मोह लिया सबका मन**

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के आगमन पर आज राजधानी रायपुर स्थित बूढ़ापारा तालाब परिसर में आयोजित मतदाता महोत्सव प्रदर्शनी में मतदाता जागरूकता की थीम पर आयोजित कठपुतली नृत्य लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ निर्वाचन के लिए विशेष रूप से तैयार की गई कठपुतली चुनई चिरई की थीम पर आयोजित नृत्य के जरिए मनोरंजन के साथ-साथ मताधिकार के महत्व को दिखाया गया। वहीं 15 फिट की कठपुतली के नृत्य ने सबका मन मोह लिया, इसमें राजा और उनकी रानी तपस्या का नृत्य मतदाता जागरूकता के संदेशों से भरा रहा।

इस अवसर पर मैं भारत हूं भारत है मुझमें/ मैं ताकत हूं ताकत है मुझमें, बाकी कौनो काम भले बाद करव/ उठा चलव पहिली मतदान करव, आने वाली पीढ़ी भी हम पर अभिमान करें/ चलो चलो मतदान करें, वोट करो मतदान करो/ मतदान करो सबलोग जैसे जागरूकता गीतों में कठपुतली नृत्य हुआ। बिलासपुर से आया यह समूह लगभग 24 वर्षों से कठपुतली नृत्य का मंचन कर रहा है। इसकी संचालिका किरण मोइत्रा हैं।

डायल 100/112 के लिए मिलेंगे 400 नए वाहन

## वित्त विभाग द्वारा मिली 33 करोड़ रुपए की स्वीकृति, जल्द क्रय होंगे वाहन

प्रदेश के सभी जिलों को इस उपयोगी योजना के अंतर्गत गंभीर परिस्थितियों में मिल सकेगा इमरजेंसी रिस्पांस

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** आपातकालीन स्थिति में पुलिस रिस्पांस इमरजेंसी सेवा के रूप में मदद करने वाली डायल 100/112 सेवा के लिए पुलिस को 400 नए वाहन मिलेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन में इसकी खरीदी के लिए वित्त विभाग ने 33 करोड़ रुपए की स्वीकृति दे दी है। इन वाहनों को प्रदेश के सभी 33 जिलों में भेजा जाएगा। वर्ष 2018 में इस योजना को 11 जिलों में लागू किया गया था। इसके लिए 252 वाहनों का क्रय किया गया था। वर्ष 2018 में क्रय किये गये अधिकांश वाहनों ने अपना माइलेज पूरा कर लिया है और कुछ वाहन इसे आगामी कुछ महीने में पूर्ण कर लेंगे। ऐसे में इस व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए तथा सभी जिलों में संचालित करने नवीन वाहनों की आवश्यकता थी।

जेम की वेबसाइट पर वाहनों की उपलब्धता एवं दरों के आधार पर शासन द्वारा दी गई स्वीकृति के अनुरूप केंद्रीय क्रय समिति के निर्णय उपरांत में जेम में ऑनलाइन प्रदाय आदेश के माध्यम से वाहनों का क्रय होगा।

उल्लेखनीय है कि आपात स्थितियों में यह सेवा बहुत उपयोगी साबित हुई है और इसके माध्यम से गंभीर परिस्थितियों में नागरिकों को आपात मदद त्वरित रूप से मिली है। अब इस सेवा अंतर्गत 400 अतिरिक्त वाहन जुड़ने से यह इमरजेंसी सेवा और भी मजबूत होगी तथा अधिकतम नागरिकों तक इसके लाभ मिल पाएंगे। उल्लेखनीय है कि इस योजना की उपयोगिता को देखते हुए संपूर्ण राज्य में संचालित करने शासन द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है और इसके अनुरूप नवीन वाहनों की खरीदी का प्रावधान किया गया।

## लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 सितम्बर तक



**रायपुर।** शासकीय विभागों में तीन वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारी लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई-अक्टूबर 2023 के लिए 01 से 30 सितम्बर 2023 के बीच आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, नगर घड़ी चौक रायपुर में कार्यालयीन समय में जमा कराया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पूर्व एवं पश्चात् प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र के साथ नोटराइज्ड शपथ पत्र अनिवार्य रूप से जमा कराना होगा।

प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व प्रचलित एवं छायाप्रति आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। आवेदन जिस सत्र के प्रशिक्षण के लिए किया गया है उस सत्र के लिए मान्य होगा। कोष, लेखा एवं पेंशन संचालनालय के अनुसार केवल सचिवालय, वन विभाग के ऐसे स्टेनो जो केम्प क्लर्क के रूप में कार्य करते हैं तथा कोष, लेखा एवं पेंशन के स्टेनोग्राफर को छोड़कर अन्य विभागों के स्टेनोग्राफर्स प्रवेश के पात्र नहीं है। आवेदन पत्र के साथ अन्य आवश्यक सुसंगत दस्तावेजों के अलावा कोविड टीकाकरण पूर्ण होने तथा बूस्टर डोज़ संबंधी प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा।

## जीवन में कभी बदला न लें खुद को बदलें: प्रवीण ऋषि

**रायपुर (ए)।** उपाध्याय प्रवर प्रवीण ऋषि ने कहा कि दुश्मनी आपको मजबूर बनती है, वहीं दोस्ती आपको मजबूत। बैर व्यक्ति को मजबूर कर देता है, हम परिस्थिति में कम मजबूर होते हैं, दुश्मनी से ज्यादा मजबूर होते हैं। हम परिस्थिति से काम मजबूत होते हैं, दोस्ती से ज्यादा मजबूत होते हैं। जिसके जीवन में दोस्ती नहीं उसके जीवन में अंधियारा है। शत्रु एक नर्क है, अंधियारा है। विश्वभूति मुनि को अहसास होता है कि मैंने अपनी साधना को कलंकित किया है, वो सोचता है कि अब सधू के रूप में किसी के आंगन में जाने के योग्य नहीं रहा। विश्वभूति मासखमण का पारणा करे बिना लौट गए। उन्होंने सोचा कि मैंने आज तक जिस अहिंसा, संयम की साधना की, जिस महाव्रत को मैंने स्वीकार किया, उसी को भंग कर दिया, अब मुझे जीना नहीं है। वे सभी जीवों को क्षमा करने लगे, लेकिन जब विशाख नंदी का चेहरा उभरा, कहा: इसको क्षमा नहीं करूंगा। यह क्षमा के लायक नहीं है। एक संकल्प मन में जन्मा, यदि मेरी साधना का कोई फल है तो अगले जन्म में मेरे हाथों इसकी मौत हो। विश्वभूति ने चारों आहार का त्याग किया, लेकिन वैर का त्याग नहीं किया। उक्ताशय की जानकारी रायपुर श्रमण संघ के अध्यक्ष ललित पटवा ने दी।

उन्होंने बताया कि रविवार को प्रात: 10.30 बजे महावीर गाथा के बाद आनंद गुरु दीक्षा संपन्न होगी। उपाध्याय प्रवीण ऋषि ने बताया कि जिन श्रद्धालुओं ने अब दीक्षा नहीं ली है, और दीक्षा के लिए इच्छुक हैं, वे आमंत्रित हैं। प्रवीण ऋषि शनिवार को महावीर गाथा के 48वें दिवस धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संभूति विजय अपनी शक्ति के बल पर विश्वभूति के पास पहुंचे। जो अंधियारे में भी संभाल ले उसे गुरु कहते हैं। उन्होंने सोचा कि मैंने उस समय संभाला था, इस समय भी संभाल लूंगा। विश्वभूति आंख बंद करता है तो संभूति विजय नजर आते हैं, कहते है: क्यों अपनी सधना को विराधना में बदल रहा है? विशाख नंदी जिम्मेदार नहीं है, तू जिम्मेदार है क्योंकि तूने दुश्मनी को दबाये रखा। तू इसे भूल गया लेकिन प्यार नहीं किया।

पोषण पखवाड़ा 2023 के सफल क्रियान्वयन के लिए हुई अंतर्विभागीय बैठक

## कुपोषण और एनीमिया के स्तर में कमी लाने होगा व्यापक प्रचार-प्रसार

**1 से 30 सितम्बर तक मनाया जाएगा पोषण माह**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन की तैयारी के लिए आज संचालनालय महिला एवं बाल विकास में अंर्तविभागीय अभिसरण बैठक हुई। बैठक में सभी विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं के नोडल अधिकारी उपस्थित रहें। सभी नोडल अधिकारियों को अवगत कराया गया कि इस वर्ष भी 01 से 30 सितम्बर 2023 के मध्य राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन छत्तीसगढ़ में किया जाना है। पोषण माह के महत्व और विगत वर्षों में विभिन्न विभागों द्वारा दिए गए सहयोग पर चर्चा करते हुए इस वित्तीय वर्ष की रणनीति तय की गई। सभी विभागों और स्वयंसेवी संस्थाओं ने राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम को सफल बनाने अपना सहयोग देने की बात कही।

उल्लेखनीय है कि भारत शासन द्वारा कुपोषण और एनीमिया के स्तर में कमी लाए जाने के लिए लोगों में जनजागरूकता बढ़ाने तथा जनसमुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन के लिए जनआंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष सितम्बर में देशभर में पोषण माह का आयोजन किया जाता है।

बैठक में दिलदार सिंह मरावी, संयुक्त संचालक महिला बाल विकास, सहायक संचालक महिला बाल विकास, पोषण अभियान के राज्य सलाहकार एवं विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# क्या तोड़कर नहीं खानी चाहिए दवाईयां, जानें क्या कहते हैं एक्सपर्ट



बीमार होने पर डॉक्टर हमें दवाईयां देते हैं। कुछ लोग उन दवाईयों को तोड़कर खाते हैं। आधी गोली खाना वे सही मानते हैं। शायद आप भी ऐसा ही करते हों। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसा करना चाहिए या नहीं। आधी दवा खाना फायदेमंद या नुकसानदायक होता है। अगर नहीं तो चलिए इस आर्टिकल में आज हम आपको बताते हैं कि दवाइयां तोड़कर खाना सेहत के लिए कितना सही है।

### क्या दवा तोड़कर खा सकते हैं

अगर आप किसी दवा को तोड़कर खाते हैं तो ऐसा करने से पहले उस दवा पर लिखे निर्देशों को पढ़ लें। कई बार दवा पर यह लिखा होता है कि उसे तोड़कर खा सकते हैं या नहीं। अगर दवा के पीछे निर्देश में यह नहीं लिखा है तो आप डॉक्टर या मेडिकल शॉप से इसके बारें में पूछ सकते हैं। हालांकि, पिल्स या कैप्सूल गलती से भी तोड़कर नहीं खाना चाहिए। क्योंकि इससे उसके अंदर का पाउडर और डोज कम हो सकता है।

### किन दवाओं को नहीं तोडऩा चाहिए

कुछ गोलियों के पीछे शॉर्ट फॉर्म में सस्टेन रिलीज, कंट्रोल रिलीज और एक्सटेंड रिलीज लिखा होता है। ऐसी दवाईयों को डॉक्टर सीधे निगलने की सलाह देते हैं। इसका साफ मतलब है कि इन दवाओं को न तो तोड़कर, ना ही चबाकर खाना चाहिए। इस तरह के टैबलेट्स शरीर में जाकर धीरे धीरे घुलती है। जिसका असर देर तक रहता है।

### किन दवाईयों को तोड़कर खा सकते हैं।

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, सभी टैबलेट्स तोड़कर नहीं खा सकते हैं। कुछ गोलियों के बीच में एक लाइन बनी होती है। उन टैबलेट्स को तोड़कर खा सकते हैं। इस लाइन की पहचान ही होती है कि इसे आप तोड़कर खा सकते हैं। ऐसे टैबलेट्स को स्कोर टैबलेट कहते हैं। अगर आपको 500 एमजी की दवा खानी है और बाजार में 1,000 एमजी की दवा मिल रही है। अगर उस पर लकीर बनी हुई है तो आप तोड़कर खा सकते हैं।

# अनार खाएंगे तो नहीं होंगे बीमार, लेकिन फायदे के साथ जान लीजिए इसके नुकसान



अनार ऐसा फल है जिसे डॉक्टर को दूर रखने के लिए जाना जाता है। अनार सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है और इसे खाने से खून की कमी के साथ साथ कई सारी बीमारियां भी दूर ही रहती हैं। लाल रसीले बीजों वाला अनार ना केवल दिल के लिए अच्छा होता है बल्कि वजन घटाने में भी इसे काफी कारगर कहा जाता है। चलिए आज जानते हैं कि डाइट में अनार को शामिल करने पर क्या क्या फायदे होते हैं और साथ ही जानेंगे कि किस तरह अनार कई बार सेहत को नुकसान भी कर सकता है।

अनार खाने के फायदे

- अनार पोटैशियम से भरपूर होने के कारण दिल के लिए काफी अच्छा होता है। इसके सेवन से ब्लड वैसल्स में खून के थक्के या कोलेस्ट्रोल नहीं जमता और दिल के दौरे की संभावना कम होती है। इसके साथ साथ उच्च रक्तचाप में भी अनार का सेवन सही कहा जाता है। अनार के सेवन से डायबिटीज में भी राहत मिलती है।
- इम्यून सिस्टम यानी शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाने में अनार का कोई जवाब नहीं है। इसमें पाए जाने वाले एंटी ऑक्सिडेंट इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं और बाहरी बीमारियों से लड़ने की ताकत देते हैं।
- मोटापा घटाने की बात की जाए तो अनार काफी फायदेमंद माना गया है। अनार में ढेर सारा डायटरी फाइबर पाया जाता है जिसकी बदौलत खाना सही से पचता है और देर तक भूख नहीं लगती। अनार खाने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और इसके साथ साथ अनार के पत्ते भी शरीर पर जमा एक्सट्रा फैट घटाने में कारगर माने जाते हैं।
- त्वचा और दांतों की सेहत के लिए अनार को काफी प्रभावी कहा गया है। इसमें पाया जाने वाला विटामिन सी त्वचा को सेहतमंद बनाने के साथ साथ चमकदार बनाता है। अनार के सेवन से समय से पहले झुर्रियां नहीं पड़तीं। अनार के बीजों के सेवन से मसूड़े संक्रमण से बचे रहते हैं और उनको मजबूती मिलती है।

### अनार के संभावित नुकसान

अनार केवल फायदा ही नहीं करता, कई बार कुछ लोगों को अनार का सेवन करने पर नुकसान भी होता है। दरअसल अनार के ज्यादा सेवन से डायरिया हो सकता है। जिन लोगों को दस्त की समस्या है, उनको अनार का सेवन नहीं करना चाहिए। इसके अलावा जिन लोगों को स्किन एलर्जी होती है, उन्हें भी अनार का सेवन ना करने की सलाह दी जाती है। अनार के सेवन से ब्लड प्रेशर कम होता है। लेकिन जिनका ब्लड प्रेशर ज्यादा लो होता है, उनको अनार का सेवन नहीं करना चाहिए, इससे बीपी ज्यादा लो हो सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि अनार का छिलका, जड़ या तना किसी भी हालत में नहीं खाना चाहिए।



# स्पाई-यूनिवर्स की जासूसी फिल्म में आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी शारवरी वाघ

बंटी और बबली 2 से अभिनय करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री शरवरी, आलिया भट्ट के साथ स्पाई-यूनिवर्स की फिल्म में शामिल हो गई हैं। इस फिल्म की शूटिंग 2024 में शुरू होने की उम्मीद है।

यह स्पाई-यूनिवर्स की एक जासूसी फिल्म होगी। स्पाई-यूनिवर्स में वॉर, टाइगर फ्रेंचाइजी और पठान जैसी फिल्में शामिल हैं। आदित्य चोपड़ा इस फिल्म के साथ वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं जो स्पाई-यूनिवर्स की 8वीं फिल्म होगी।

एक सूत्र ने खुलासा किया, अभिनेत्री शारवरी वाघ एक ऐसी शख्स हैं, जिनके बारे में इंडस्ट्री को लगता है कि वह उभरती हुई स्टार हैं। उन्हें आदित्य चोपड़ा ने आलिया भट्ट के साथ अपनी स्पाई-यूनिवर्स फिल्म में नायिका के रूप में चुना है, इससे पता चलता है कि शरवरी अपनी पीढ़ी की बाकी अभिनेत्रियों से कहीं ऊपर हैं।

सूत्र ने कहा, वाईआरएफ का यह कदम शानदार ढंग से उन्हें एक युवा अभिनेत्री के रूप में स्थापित करता है, जो भारतीय फिल्म उद्योग में प्रसिद्धि पाने के लिए तैयार है। उनके जैसे किसी व्यक्ति को वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में प्रवेश करते हुए देखना काफी रोमांचक है, जिसमें केवल सुपरस्टार्स को ही भूमिकाएं दी गई हैं।

वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स आज हिंदी सिनेमा का सबसे बड़ा आईपी है, जिसमें सबसे बड़े सुपरस्टार इस फ्रेंचाइजी के लिए बोर्ड पर आ रहे हैं। यूनिवर्स की शुरुआत 2012 में एक था टाइगर से शुरू हुई। इसकी यात्रा ब्लॉकबस्टर फिल्मों से भरी रही है। टाइगर जिंदा है, वॉर और पठान, जो सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई। आलिया और शरवरी की अभी तक शीर्षकहीन फिल्म 2024 में फ्लोर पर जाएगी जो वर्तमान में विकास और प्री-प्रोडक्शन चरण में है। स्पाई-यूनिवर्स की लेटेस्ट पेशकश सलमान खान और कैटरीना कैफ की टाइगर 3 है जो इस दिवाली रिलीज होने वाली है। ऋतिक रोशन, एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी के साथ वॉर 2 नवंबर में फ्लोर पर जाएगी। टाइगर बनाम पठान भी अगले साल फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है।

# सिंपल साड़ी पहन रकुल प्रीत ने मिलियन डॉलर स्माइल देकर लूटी लाइमलाइट



बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपनी बोल्ड और खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का दिल मचल देती हैं। एक्ट्रेस इन दिनों अपनी एक से बढ़कर एक ग्लैमरस फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करने में लगी हुई हैं। हालांकि वो जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो कुछ ही मिनटों में वायरल होने लग जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से इंटरनेट पर सादगी भरे अंदाज से तड़का लगा दिया है। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींचती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक्स पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर इंटरनेट का पारा गर्म कर दिया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने बेहद ही खूबसूरत साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। रकुल प्रीत सिंह ने अपनी इन तस्वीरों में रेड कलर की साड़ी के साथ गोल्डन ब्लाउज पहना हुआ है। कानों में इयररिंग्स, बालों का बन बनाकर और साथ ही मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं रकुल प्रीत सिंह ने प्यारी सी स्माइल देते हुए अपने इस लुक पर चार चांद लगा दिए हैं। रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया लवर हैं। एक्ट्रेस को इंस्टाग्राम पर 23.3 मिलियन यूजर्स फॉलो करते हैं।

# छत्तीसगढी फिल्म लूप लपाटा लाटा फांदा का हुआ मुहुर्त



**कवर्धा।** वीरा डिजिटल फिल्म प्रोडक्शन हाउस के बेनर तले एवं विकास चन्द्रवंशी के निर्देशन में बनने वाली छत्तीसगढ की पहली टाईम लूप साइंस फिक्शन छत्तीसगढी फिल्म लूप लपाटा लाटा फांदा का मुहुर्त महामाया मंदिर प्रांगण में आज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ धूम धाम से किया गया। इस फिल्म का मुहुर्त मुख्य अतिथि फिल्म निर्माता एवं साहित्यकार अखिलेख मिश्रा एवं कार्यक्रम के विशेष अतिथि युवा नेता तथा फिल्म निर्माता चोवा कुमार साहू व अध्यक्ष क्लब डॉ. संतोष कुमार साहू ने किया। इस फिल्म के निर्देशक एवं लेखक विकास चंद्रवंशी और निर्माता प्रदीप दास मानिकपुरी व अमित राजपूत है।

फिल्म के डायरेक्टर विकास चंद्रवंशी ने बताया कि इस फिल्म के नायक छॉलीवुड के चाकलेटी हिरो भूनेश साहू और हिरोइन सान्या कंबोज, तनु प्रधान है। इसके अलावा इस फिल्म के अन्य प्रमुख कलाकारों में अमित राजपूत, महावीर सिंह चौहान, प्रतिभा चौहान, कबीर मानिकपुरी, मायरा यदु, नेहा गुप्ता, रवि मानिकपुरी, रमन चतुर्वेदी, शारदा मानिकपुरी, विजेता मिश्रा, श्वेता, मनीषा साहू, रिंकू पटेल, सपना खरे, सपना खरे, गौरव जायसवाल, मितेन्द्र ठाकुर, राजेन्द्र यादव, राज मानिकपुरी, डॉ. विजय कुमार साहू, युवराज देवदास, देवदास मानिकपुरी, राजेन्द्र चंद्रवंशी, जय बंजारे, सालिक यादव, सनील चंद्रवंशी, हर्ष मानिकपुरी, सुरेश लहरे है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने किया मतदाता महोत्सव प्रदर्शनी व चिन्हारी लोकतंत्र का शुभारंभ

श्रीकंचपनथ न्यूज

रायपुर । भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार ने आज निर्वाचन आयोग के आयुक्त श्री अनूप चन्द्र पांडेय और श्री अरुण गोयल के साथ राजधानी रायपुर स्थित बूढ़ापारा तालाब परिसर में 'मतदाता महोत्सव प्रदर्शनी, चिन्हारी लोकतंत्र के' का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। प्रदेश के अलग-अलग जिलों, विशेषकर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों से जुड़े जिलों द्वारा यहां स्टॉल लगाया गया है, इन स्टॉलों में अब तक के वर्षों में हुए वोटिंग की झलकियां तस्वीरों के माध्यम से और विभिन्न जिलों में मतदाता जागरूकता के लिए चलाए गए अभियानों को भी दर्शाया गया है।



प्रदर्शनी में बिलासपुर, रायपुर, बस्तर, सुकमा, जांजगीर-चांपा, बलरामपुर, कबीरधाम, सारंगढ़, बालोद जैसे जिलों द्वारा स्टाल लगाया गया है। रायपुर, बिलासपुर, कबीरधाम, सारंगढ़ और बालोद द्वारा लगाए गए स्टाल में मतदाता जागरूकता अभियान को फ़ोटो प्रदर्शनी के साथ प्रदर्शित किया गया है। बिलासपुर ने शत-प्रतिशत मतदान, बिलासपुर का अभियान, लोकतंत्र का आधार कोई वोट न जाए बेकार जैसे नारो को सचित्र प्रदर्शित किया है। इसी तरह सारंगढ़ जिले के स्टाल में 'मोर भइया वोट देवइया' के स्लोगन वाली राखी लोगों को लुभा रही है, जबकि बालोद ने भी 'ए दारी मनाबो रक्षा संग मतदान के बंधन', के साथ जिले में चलाए जा रहे चुनाव अभियानों को प्रदर्शित किया है।

यहां लगे फ़ोटो प्रदर्शनी के स्टॉल में छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के दूरस्थ क्षेत्र विकासखंड ओरछा में 1967 में हुए निर्वाचन की एक तस्वीर लगाई गई है, जिसमें एक वयोवृद्ध महिला अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मत पर्ची मतदान पेटी पर डालती नजर आ रही है। वहीं आदिवासी बोली प्रदर्शनी के स्टॉल में गोंडी, सदरी, बिरहोर, बैगा, कमारी जैसी बोलियों में चुनाव के नारों का सचित्र प्रदर्शन है, यहां स्थानीय हल्बी बोली में मतदाता गीत भी प्रदर्शित है।

प्रदर्शनी में लगे विभिन्न स्टॉलों में अलग-अलग जिलों में चलाए गए चुनाव अभियान को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। इसी तरह नवविवाहित वधु सम्मान समारोह के वृहद आयोजन पर केंद्रित स्टॉल भी प्रदर्शनी में लगाया गया है, इस अभियान में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के अंतर्गत जिला जांजगीर-चांपा में एक ही दिन जिले की सभी बाल विकास परियोजना की 1281 आंगनबाड़ी में 1771 में नवविवाहित वधुओं का सम्मान किया गया। जिला बलरामपुर द्वारा लगाए गए स्टाल में यहां चलाए गए चुनाव अभियान 'मतवीर' और 'संकल्प वृक्ष' को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है जिसका उद्देश्य युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगों, वरिष्ठजनों आदि सभी वर्ग के मतदाताओं की मतदान रुचि को बढ़ाना और उन्हें मतदान का महत्व समझाना था।

रायगढ़ जिले द्वारा लगाए गए स्टॉल में सतरंगी रायगढ़, विरासत से विकास पर केंद्रित है, जिसमें यहां के चुनाव अभियान विरासत का संकल्प, बढ़ते हाथ शपथ के साथ, वृद्ध जनों का सम्मान, शुभ कदम स्वागतम, कर्तव्य पर बढ़ते चले जैसे कार्यक्रमों के जरिए मतदाता जागरूकता के कार्यों को प्रदर्शित किया है। इसमें बिरहोर जनजाति से लेकर रायगढ़ के इंडस्ट्रीज तक की झलकियां हैं। सुकमा जिले द्वारा लगाए गए स्टाल में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत चुनाव अभियानों की प्रदर्शनी लगाई गई है। जिनमें अति नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान वोट पंडूम नेवता, मतदाता शपथ कार्यक्रम, मतदाता जागरूकता एवं ईवीएम रथ प्रदर्शन, वाद-विवाद, चित्रकला एवं नारा लेखन प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला, नवविवाहित सम्मान कार्यक्रम, मतदाता जागरूकता रैली, रंगोली चित्रकला को प्रदर्शित किया गया है।

मतदाता महोत्सव प्रदर्शनी, चिन्हारी लोकतंत्र के शुभारंभ के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त हृदेश कुमार, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेन्द्र शर्मा और नितेश व्यास, उप निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार साहू और आर.के. गुप्ता, उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू, महानिदेशक बी नारायणन, निदेशक यशवेंद्र सिंह, निदेशक (आई टी) अशोक कुमार, वरिष्ठ प्रधान सचिव एन.एन. बुटोलिया, प्रधान सचिव एस.बी. जोशी, संयुक्त निदेशक अनुज चांडक और अवर सचिव रितेश सिंह ने उपस्थित रहे।

# मोर रायपुर एप्प को मिला नेशनल ई-गवर्नेंस अवार्ड




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा जिला स्तरीय उत्कृष्ट ई-गवर्नेंस पहल के लिए राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार-2023 स्वर्ण रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के 'मोर रायपुर एप्प' को प्रदान किया गया है। आज ही आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संचालित स्मार्ट सिटीज़ मिशन के शहरों के लिए आयोजित इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड-2022 की घोषणा भी हुई, जिसमें रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा तैयार किए गए ऑक्सी रीडिंग जोन लाइब्रेरी नालंदा परिसर को बेस्ट इनोवेटिव आइडिया अवार्ड मिला है। इस प्रतियोगिता के सामाजिक दृष्टिकोण से किए गए उत्कृष्ट कार्य की श्रेणी में शाला उन्नयन कार्यक्रम के तहत बी.पी. पुजारी स्कूल के भवन जीर्णोद्धार व अधोसंरचना निर्माण को राष्ट्रीय स्तर पर स्थान मिला है।

ई-गवर्नेंस पहल के अंतर्गत मोर रायपुर एप्प की प्रणाली को उत्कृष्ट नवाचार माना गया है। इस एप्प के अंतर्गत डिजिटल डोर नंबर, नगर निगम से संबंधित करों के भुगतान, सेवा व शिकायतों के निवारण की प्रणाली तैयार कर नागरिक सेवाओं को हाईटेक करने की दिशा में किए गए पहल को भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा उत्कृष्ट मानते हुए 'राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार' प्रदान किया गया है।

इसके अलावा आज घोषित इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड-2022 के परिणाम में स्मार्ट सिटी रायपुर के दो महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को भी राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। इस कांटेस्ट के सामाजिक दृष्टिकोण की श्रेणी में गुजरात के वडोदरा व उत्तर प्रदेश के आगरा शहर के प्रोजेक्ट के बाद रायपुर के बी.पी. पुजारी शाला भवन उन्नयन कार्यक्रम को देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इसके अलावा नवाचारों की श्रेणी में रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा निर्मित नालंदा परिसर को इनोवेशन अवार्ड से नवाज़ा गया है। इस कैटेगरी में हुगली धारवाड़ व सूरत शहर के प्रोजेक्ट को प्रथम व द्वितीय स्थान मिला है।

## खास खबर

### उद्योग मंत्री के नगर आगमन पर ग्रामीणों ने किया जोशीला स्वागत

**जगदलपुर।** उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा का सुकमा जिले के कवासीरास में ग्रामीणों ने आतिशबाजी व ढोल नगाड़ा बजाकर व फूलों की वर्षा के साथ जोशिला स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज दिनों दिन महंगाई बढ़ते जा रही है, आज गरीब जनता परेशान हो गयी है। राहुल गांधी कहते हैं कि जीएसटी लगना चाहिए लेकिन बड़े व्यापारी पर लगना चाहिए न कि गरीब जनता पर। आंगनबाड़ी में काम करने वालों की सैलरी बढ़ाने, बेरोजगारी भत्ता, मंदिर, मस्जिद बनाने वाली हमारी सरकार है। तालनार में पुल का निर्माण करवाया जाएगा। हमारी सरकार में आदिवासियों के विकास में कोई कमी नहीं होने देंगे। तहसील के साथ ही उप तहसील भी खोला जाएगा। जाति निवास, नाम जोड़ना, घटाना किया जाता है, आने वाले समय में यहां धान खरीदी केंद्र खोला जाएगा। भाजपा की सरकार एक तहसील नहीं खोल पाये। स्कूल कॉलेज खोलने की बजाय बंद कराया गया। भाजपा शासन में तहसीलदारों, अधिकारियों से कमिशन खोरी का काम किया गया। उन्होंने कहा कि सलवा जुडूम में छिंदगढ़ की जनता हमेशा हमारे साथ रही। आज हमारी सरकार मेला मड़ई का आयोजन कर रही है। हमारी सरकार जो कहती है वो करती है। हमने कर्ज माफी, 2500 रुपये धान खरीदी, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने का काम, कोदो कुटकी की उचित मूल्य पर खरीदी, तेंदुपत्ता की नगद खरीदी का काम किये गए है। आज बस्तर बदल रहा है हमारा एक ही लक्ष्य है बस्तर में विकास, शांति और सुरक्षा। आज लोगों का जीवन स्तर बढ़ने लगा है। लोग आज निर्भीक होकर आ जा रहे हैं।

### वेदिका फाउंडेशन नवसृजन एक परिचर्चा का आयोजन करेगा कल

**रायपुर।** वेदिका फाउंडेशन के तत्वाधान में महिला उद्यमिता पर नवसृजन एक परिचर्चा का आयोजन 27 अगस्त को सुबह 11 बजे पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में फाउंडेशन के अध्यक्ष श्रीमती गुंजन चंदेल एवं श्रुति जैन ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में गुंजन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, उद्योगमंत्री कवासी लखमा, महिला बालविकास मंत्री अनिला भेड़िया, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे, पीएचई मंत्री गुरूरूद्रकुमार एवं रायपुर ग्रामीण के विधायक सत्यनारायण शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाना है। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ उद्योग विभाग से प्राचीलाल, शिरीन देवांगन, जिंदल ग्रुप के प्रबंध संचालक प्रदीप टंडन, पीएमटी के चेयरमैन निशांत त्रिपाठी, नर्सिंग कालेज की सुमन त्रिपाठी, एटी ग्रुप के तिलोक बरड़िया, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा होंगे। कार्यक्रम में महिलाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए राज्यसभा सांसद फुलोदेवी नेताम, पूर्व सांसद छायावर्मा उपस्थित रहेंगी।

### मरीजों के लिए जिला अस्पताल में नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा

**महासमुंद।** महासमुंद ज़िले में स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है जिला चिकित्सालय में डायलिसिस की सुविधा विकसित कर ली गई है। इससे किडनी रोगों से पीड़ितों को अब जिला मुख्यालय में ही नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा मिल रही है। ज़िले के दूरस्थ अंचलों के मरीजों को अब डायलिसिस के लिए बड़े शहरों का रूख नहीं करना पड़ रहा है। किडनी संबंधी रोग से ग्रस्त मरीज को लंबे समय तक बार-बार डायलिसिस कराना पड़ता है। इससे उन पर बड़ा आर्थिक बोझ पड़ता है। स्थानीय स्तर पर ही नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा मिलने से अब इसके मरीजों को बड़ी राहत मिली है। दूरस्थ अंचलों के मरीजों की भी जिले में ही डायलिसिस हो रही है। मरीजों व उनके परिजनों के श्रम, धन और समय की भी बचत हो रही। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम 'जीवन धारा' ज़िला चिकित्सालय महासमुन्द में नि:शुल्क डायलिसिस यूनिट का संचालन किया जा रहा है, गरीबों को नि:शुल्क डायलिसिस सेवाएं प्रदान की जा रही है। किडनी रोगों से जूझ रहे मरीजों को राहत मिल रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत डायलिसिस के मरीजों का नि:शुल्क डायलिसिस सेवा प्रदाय की जा रही है। जिससे डायलिसिस के मरीजों को डायलिसिस के लिए अन्य निजी अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। उन्होंने बताया कि अब तक किडनी की बीमारी से पीड़ित 150 से अधिक मरीजों ने इसका लाभ उठाया है। उन्होंने कहा कि ज़िला चिकित्सालय में तीन पाली में डायलिसिस यूनिट संचालित किया जा रहा है। डायलिसिस यूनिट में 10 बेड, 4 मशीन, एवं 2 टेक्निशियन कार्यरत है, जो नि:शुल्क डायलिसिस की सेवा मरीजों को प्रदाय करते हैं।

# रेल दुर्घटनाओ को रोकने के लिए जरुरी है पूर्ण विश्राम, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवन शैली





श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** विद्युत् परिचालन विभाग, द.पू.म. रेलवे रायपुर मंडल के द्वारा समय समय पर रनिंग स्टाफके संरक्षा व् सुरक्षा हेतु संगोष्टी का आयोजन किया जाता रहा है इसी कड़ी में दिनांक 25.08.2023 को रनिंग स्टाफ एक दिवसीय पारिवारिक संगोष्टी का आयोजन बी.एम. वाई. में किया गया जिसमें रनिंग स्टाफ के परिवार के साथ रनिंग स्टाफभी अधिक संख्या में उपस्थित हुये. जिसमे सहायक मंडल विद्युत् अभियंता, मुख्य क्रू नियंत्रक और उपस्थित पर्यवेक्षकों के द्वारा संरक्षा व् सुरक्षा सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं पर रनिंग स्टाफ के परिवार के सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा की गई व् सीधा संवाद किया गया. जिसमे SPAD को रोकने हेतु परिवार की भूमिका के साथ साथ हूटर कोड की जानकारी, तनाव निवारण, जनरल अवारनेस के साथ साथ रनिंग स्टाफकी कठिन ड्यूटी व् ड्यूटी के बाद घर पर पूर्ण विश्राम, खानपान व् स्वस्थ जीवन शैली के निर्वहन हेतु सदस्यों की भागीदारी पर प्रकाश डाला गया।

ऐसे ही कुछ दिन पहले डाक्टर ए बी केरकेट्टा के मार्ग दर्शन और वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता एवं सहायक मंडल विद्युत अभियंता के प्रयास से स्वास्थ संगोष्ठी का आयोजन रनिंग स्टाफव उनके परिवार हेतु बी.एम्.वाई. में किया गया जिसमे तनाव निवारण, स्वच्छ भोजन तथा नेत्र फ्लू की रोकथाम पर चर्चा की गई।

# छत्तीसगढ़ में ईडी एक विभाग में गड़बड़ी नहीं खोज पाती तो दूसरे में लग जाती है-कांग्रेस

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** ईडी पूरी तरह से भाजपा के इशारों पर कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस सरकार को बदनाम करने के लिये षडयंत्र कर रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ईडी की कार्यवाही का तरीका और ईडी की कार्यप्रणाली बता रही है कि पूरी कार्यवाही विद्वेषपूर्ण और 2023 के चुनाव के पहले कांग्रेस की चुनावी गतिविधियों को बाधित करने का है। ईडी पहले कोल माईनिंग, आबकारी फिर डीएमएफ चावल, अब जल जीवन मिशन को लेकर कार्यवाही की बातें सामने आ रही है। पूरे देश में किसी एक राज्य सरकार के खिलाफ इतने सारे विभागों पर कार्यवाही यह बताने और समझने के लिये पर्याप्त है कि छत्तीसगढ़ में ईडी भाजपा के राजनैतिक उद्देश्यों की पूर्ति में लगी हुई है। ईडी जब एक विभाग में गड़बड़ी नहीं खोज पाती तो दूसरे में लग जाती है। ईडी की कार्यवाही के बाद भाजपा नेताओं की बयानबाजी भी यह साबित करती है कि ईडी की पटकथा का भाजपा नेता मिट्ठू की भांति पढ़ते है।

कांग्रेस प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों से पूछा है कि छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं के यहां छापेमारी की कार्यवाही कब से की जायेगी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 15 साल के सरकार में भाजपा के अनेक नेता फर्श से अर्श पर पहुंच गये। कुछ भाजपा के ऐसे नेता है जो भाजपा की सरकार बनने के पहले खटारा यामहा मोटर सायकल पर चला करते थे। 15 साल मंत्री रहे उनकी संपत्ति हजारो करोड़ो रूपयो में पहुंच गयी। कारोबारी पारिवारिक पृष्ठ भूमि के मंत्री रहे भाजपा नेता जिनके परिवार की कारोबारी हालत भाजपा की सरकार के पहले दिवालिया होने की थी वे और उनके भाई 15 साल में अकूत धन सपंदा के मालिक बन गये। इनके यहां ईडी छापेमारी करने कब जायेगी। छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है। इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक में मुख्य अभियुक्त ने नार्कोटेस्ट में तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह और आधा दर्जन मंत्रियो को करोड़ो रू. देना स्वीकार किया था ईडी इसकी जांच कब करेगी?

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ईडी रमन सिंह सरकार के घोटालों की जांच कब करेगी? 36000 करोड़ का नान घोटाला और 6200 करोड़ का चिटफंड घोटाला रमन सिंह सरकार का वह घोटाला है जिसमें सीधे आम आदमी के साथ लूट की गयी है। इन दोनों ही घोटालों में तत्कालीन सरकार के प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता के प्रमाण भी सामने आये है और इसमें रूपयों का भी लेनदेन हुआ है। किसी भी प्रकार के नगदी अवैध लेनदेन की जांच प्रत्यावर्तन निदेशालय के द्वारा की जानी चाहिये। इन दोनों ही मामलों में पुलिस अपना काम कर रही है और आपराधिक मामलों की जांच भी हो रही। पनामा पेपर के अभिषाक सिंह की जांच कब होगी? रमन सिंह तो स्वयं को ईडी का प्रवक्ता भी घोषित कर चुके है ऐसे में उन्हें स्वयं होकर ईडी से जांच की मांग का समर्थन करना चाहिये। रमन सिंह की घबराहट और बौखलाहट बताती है कि वे जांच की मांग से डर रहे है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ईडी की कार्यवाही और कार्यप्रणाली दोनों लगातार सवालों के घेरे में रहती है। ईडी बताएं कि पिछले 8 साल में कितने भाजपा और भाजपा के सहयोगी दलों के लोगों के यहां छापे की कार्यवाही की गयी? देश में सारी अनियमितता विरोधी दल के लोग ही कर रहे है, भाजपा और उसके सहयोगी दल के नेता दूध के धुले हुए है? ईडी, आईटी और भाजपा का जो नापाक गठबंधन देशभर में दिख रहा, लोग जानना चाहते है ये रिश्ता क्या कहलाता है? 8 सालो में 6000 छापे मारने वाली ईडी सिर्फ23 मामलों में ही सबूत दे पाई है।

# बच्चों को बचपन से ही सिखाना चाहिए बुजुर्गो का मान-सम्मान करना - जिला न्यायाधीश

श्रीकंचपनथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के तहत् वरिष्ठजनों को उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक किए जाने के प्रयोजन से जिला न्यायालय परिसर के ए.डी.आर. भवन में जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डी.एल. कटकवार की अध्यक्षता में कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी, अपर सत्र न्यायाधीश (एफटी.सी.) श्रीमती ज्योति अग्रवाल, जिला न्यायालय के अन्य न्यायाधीश एवं जिले के विभिन्न अनुभागों के एसडीएम, जिला अधिवक्ता संघ के सदस्य सहित पैरालीगल वॉलिंटियर्स उपस्थित थे। जिला न्यायाधीश कटकवार ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुभारंभ करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा, कल्याण और संरक्षण देने के लिए माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण एक्ट, 2007 लागू किया गया था। इस एक्ट में बच्चों से यह अपेक्षा की गई है कि वे अपने माता-पिता को मेंटेनेंस (भरण-पोषण या गुजारा भत्ता) दें। साथ ही सरकार से यह अपेक्षा की गई है कि वह ओल्ड एज होम्स बनाए और वरिष्ठ नागरिकों को मेडिकल सहायता सुनिश्चित करे। उन्होंने बताया कि एक्ट भरण-पोषण को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक ट्रिब्यूनल और अपीलीय ट्रिब्यूनल का गठन किया गया है। कोई वरिष्ठजन, जिसकी आयु 60 वर्ष या अधिक है, इसके अंतर्गत माता-पिता भी आते हैं, जो स्वयं आय अर्जित करने में असमर्थ है अथवा उनके स्वामित्वाधीन संपत्ति में से स्वयं का भरण पोषण करने में असमर्थ है, ऐसे व्यक्ति उक्त अधिनियम के अंतर्गत भरण पोषण हेतु आवेदन करने हेतु हकदार है। जिला न्यायाधीश ने कहा की प्रत्येक परिवार को अपने बच्चों को बचपन से ही ऐसे संस्कार देना चाहिए की वे अपने से बड़े बुजुर्गों का सदैव निष्ठा के साथ मान-सम्मान करें जिससे माता-पिता बूढ़े होने पर उनके बच्चे उनका उचित ध्यान रख सकें जिससे वरिष्ठजनों का जीवन स्तर में सुधार हो। इसी प्रकार प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुश्री भतपहरी ने अपने वक्तव्य में कहा की बच्चों का कर्तव्य बनता है की वे अपने बुजुर्ग माता-पिता का बुढ़ापे में ख्याल रखे। आज हम अपने माता-पिता का सम्मान करेंगे तभी हम आने वाले समय में अपने बच्चों से अपनी सेवा की उम्मीद कर सकते है। कार्यशाला में उपस्थित अन्य न्यायाधीशों ने अधिनियम के तहत होने वाली कार्यवाहियों एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए वरिष्ठजनों का जीवन स्तर में सुधार हेतु अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए।

### निगम ने दर्जनों स्थानों में किया स्ट्रीट लाइट मरम्मत सुधार कार्य

**कोरबा।** आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देश पर नगर पालिक निगम कोरबा के विद्युत विभाग के अमले के द्वारा स्ट्रीट लाइट व हाई मास्ट लाइट के सुधार, मरम्मत व आवश्यकतानुसार लाइटों को बदलने , नई लाइट लगाने का कार्य निरंतर जारी है , इसी कड़ी में आज भी कोरबा चापा मुख्य मार्ग पर बरबसपुर से भिलाइखुर्द, वार्ड 61, वार्ड 51 व 33, वी आई पी रोड, रामपुर, नेहरू नगर, लालघाट, पटेलनगर सहित बाकी मोगरा व दर्री जोन में स्ट्रीट लाइटों व हाई मास्ट लाइटों के सुधार मरम्मत के कार्य किए गए। अभियंताओं को कड़े निर्देश दिए हैं कि, सड़कों पर अंधेरा ना रहे , स्थापित स्ट्रीट लाइट व हाई मास्ट लाइट जले, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें। निगम अमले द्वारा विगत दिनों से इस पर लगातार कार्रवाई कर लाइटों के सुधारने व बदलने का कार्य किया जा रहा है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### सांप काटने से महिला की मौतः खेत से लौटे पति ने देखी पत्नी की लाश, बिस्तर पर बैठा हुआ था करैत सांप

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले में सांप काटने से महिला की मौत हो गई। खेत में काम करने गया पति जब वापस लौटा, तो उसने अपने बेटे को रोता हुआ पाया। वहीं पत्नी की लाश बिस्तर पर पड़ी हुई थी। मामला करौंधा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम पंचायत कमलापुर के खखसीपारा की रहने वाली सुगंती बाई (34) ने बुधवार की रात पति और बच्चे के साथ खाना खाया और फिर तीनों जाकर सो गए। गुरुवार सुबह 6 बजे पति लरंगसाय अपनी पत्नी और बेटे को सोता हुआ छोड़कर खेत में काम करने के लिए चला गया। जब दोपहर में वो खाना खाने के लिए घर वापस लौटा, तो बेटा आंगन में रोता हुआ मिला।

पति अंदर कमरे में गया, तो पत्नी की लाश बिस्तर पर पड़ी थी। उसने पत्नी को हिलाया-डुलाया, तो वो नहीं उठी। इसके बाद पति ने जैसे ही बिस्तर हटाया, तो उस पर करैत सांप बैठा हुआ दिखाई दिया। पति ने पड़ोसियों को बुलाया और सांप को मार डाला। राहत की बात ये रही कि सांप ने बेटे को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। इसके बाद पति ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर ने बताया कि महिला की मौत सांप काटने से हुई है।

### छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में नरकंकाल मिलने से मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में शुक्रवार को नरकंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। शहर से 12 किलोमीटर दूर माता रूक्मणी आश्रम के पीछे जंगल में यह नर कंकाल मिला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ ही फोरेंसिक की टीम भी मौके पर पहुंची और कंकाल को एक बोरे में भरवाकर मेकाज में रखवाया गया है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह माता रूक्मणी आश्रम के पीछे बन रहे गौ शाला के पास बने जंगल में एक नरकंकाल आश्रम के लोगों ने देखा। नर कंकाल मिलने की जानकारी लगते ही आश्रम से लेकर आसपास के लोग मौके पर आ पहुंचे। जानकारी मिलते ही एसएसपी निवेदिता पॉल के साथ ही फोरेंसिक की टीम भी मौके पर आ पहुंची।

शुरुआती जांच के बाद एसडीओपी ऐश्वर्य चंद्राकर ने बताया कंकाल एक वर्ष पुराना हो सकता है। कंकाल का डीएनए कराया जाएगा और साथ ही आसपास के मिशिंग कंप्लेन की भी जांच की जा रही है। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि कंकाल पुरुष का है या महिला का। फोरेंसिक जांच के बाद यह स्पष्ट हो पाएगा।

# दो युवकों की धारदार हथियार से हत्या, डबल मर्डर से इलाके में सनसनी, सभी आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** बिलासपुर शहर में दो युवकों की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है की मृतकों में एक युवक घटना का सह आरोपी था इसके साथ ही सभी नशेड़ी प्रवृति के आरोपीयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर पुछताछ कर रही है।



दरअसल घटना बीती रात की बताई जा रही है और पूरा मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। जहां सिविल लाइन थाना क्षेत्र के राजेन्द्र नगर में रहने वाला युवक राजेश रावत साइकिल स्टैंड में काम करता था। देर रात वह अपनी प्रेमिका से मिलने सरकंडा थाना क्षेत्र के इमलीभाटा अटल आवास गया हुआ था। इस दौरान वहां बैठे कुछ युवकों से पता पूछा तब नशेड़ी युवकों के द्वारा उसके आने का विरोध किया गया। मृतक के द्वारा बदमाश युवकों का भी विरोध किया तभी अचानक मौजूद नशेड़ी लड़कों ने राजेश के उपर धारदार हथियार और लाठी डंडा से मारपीट कर दिया।

जिससे राजेश के पेट और सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं सरकंडा थाना प्रभारी जेपी गुप्ता के अनुसार घटना के बाद मुख्य आरोपी बड़का यादव अपने अन्य साथी नानदाउ को इस घटना की जिम्मेदारी लेने के लिए दबाव बनाया। जिस पर नानदाऊ ने विरोध किया तो बड़का यादव ने धारदार हथियार से नानदाऊ पर हमला कर दिया। इस दौरान नानदाउ वहां से घायल हालत में भाग गया। इस पूरे घटना की सूचना सरकंडा थाने को मिली तब पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर मुख्य आरोपी बड़का यादव सहित राममोहन बंजारे, रमजान खान, गौतम सारथी उर्फ गप्पी इमलीभाटा अटल आवास के रहने वाले युवको को हिरासत में लिया।

घटना के दौरान मृतक के मोबाइल को सहआरोपी नानदाउ अपने पास रखा था जिसकी खोजबीन पुलिस के द्वारा की जा रही थी। इसी दौरान आज सुबह सहआरोपी नानदाउ का भी शव घटना स्थल से कुछ दूर पर झाड़ियों में पुलिस को मिला। दोहरा हत्याकांड से इलाके मे सनससनी फैल गई है। फिलहाल पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले की पूछताछ कर रही है।

## बिलासपुर में हादसों का शुक्रवारः दो अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत, परिजनों में पसरा मातम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** बिलासपुर में शुक्रवार को तड़के सुबह वेद परसदा से फ्लाई एस ब्रिक्स लेकर बिलासपुर की ओर जा रही माजदा फोरलेन पर लावर खनिज चौकी के पास खड़ी ट्रेलर के पीछे से जा टकराई जिससे माजदा चालक और हेल्पर की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार चालक महेंद्र साहू पिता भारत साहू उम्र 29 वर्ष निवासी वेदपरसदा अपने हेल्पर रविन्द्र साहू पिता अर्जुर साहू उम्र 19 वर्ष और एक अन्य टिगेश कुमार मरावी पिता जनक राम उम्र 28 वर्ष निवासी वेदपरसदा के साथ फ्लाई एस ब्रिक्स लेकर शुक्रवार की सुबह मस्तूरी की ओर से बिलासपुर की ओर आ रहे थे। सुबह लगभग 6:30 बजे हादसा हो गया।



### दो अलग-अलग हादसों में चार लोगों की जान गई

बोलेरो और बाइक में आमने सामने टक्कर हुई जहां बाइक सवार दो युवको की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डोड़की निवासी धनराज कुशाल उर्फ आयुष उम्र 17 वर्ष और रणवीर मरकाम उर्फ शानू पिता चितरंजन उम्र 15 वर्ष दोनों मस्तूरी की ओर आ रहे थे, तभी टिकारी स्कूल के पास मस्तूरी से मल्हार की ओर जा रही कार से आपने-सामने से भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए वहीं दोनों बाइक सवार युवकों की मौत हो गई।

## कलयुगी पिता को आजीवन कारावास की सजा, नाबालिग बेटी के साथ करता था दुष्कर्म




श्रीकंचनपथ न्यूज

**जीपीएम।** गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में अपनी नाबालिग बेटी को डरा धमका कर बलात्कार करने वाले दुष्कर्म के आरोपी पिता को एडीजे पेंड्रारोड ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दरअसल पूरा मामला गौरेला थाना क्षेत्र के गुम्माटोला गांव का है जहां 22 जुलाई को नाबालिक लड़की के दादा ने अपने ही बेटे के खिलाफ गौरेला थाने में मामला दर्ज कराया था। जिसमें उन्होंने बताया कि नाबालिग लड़की से जिसकी उम्र केवल 10 साल की है उसका पिता डरा धमका कर मारपीट करता है और कई बार दुष्कर्म कर चुका है।

22 जुलाई को भी जब आरोपी ने नाबालिग पीड़िता से गलत काम किया तो लड़की के दादा ने गौरेला थाने में पहुंचकर एफआईआर दर्ज करवाई। जिस पर पुलिस ने दो दिन के भीतर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी बृजेश भैना की पत्नी आठ साल पहले उसको छोड़ कर चली गई थी और दूसरी शादी कर ली थी। जबकि बच्ची अपने पिता और दादा दादी के साथ रहती थी।

पिता अक्सर शराब पीकर आता और बच्ची के साथ मारपीट करता और कुछ दिनों से गलत काम करने लगा था जिसकी जानकारी बच्ची ने अपने दादा को दी और तब दादा ने गौरेला में मामला दर्ज कराया था। इस मामले में एडीजे पेंड्रारोड किरण थवाईत ने फैसला सुनाते हुए इसे मानवता को शर्मसार करने वाला मामला ठहराते हुए आरोपी पिता को पाक्सो एक्ट के तहत मरते दम तक कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक पंकज नगाइच ने की है।

## खदानों से नहीं रूक रही चोरी, पीली बत्ती लगी कार से सीआईएसएफ ने पकड़ा 15 जरीकेन डीजल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोरबा।** कोरबा में लाख कोशिशों के बाद भी एसईसीएल की खदानों से डीजल की चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही है। खदानों की सुरक्षा के नाम पर पैसे को पानी की तरह बहाने के बाद भी कोयला और डीजल की चोरी बदस्तूर जारी है। ऐसे ही एक मामले में दीपका खदान से डीजल की चोरी कर भाग रहे एक कैंपर वाहन को सीआईएसएसफ के जवानों ने पकड़ा है जिसमें चोरी का 15 जेरीकेन डीजल मौजूद था। खास बात यह है कि चोरी के मामले में जिस वाहन को पकड़ गया है उसमें पीली बत्ती लगी हुई है। अग्रिम कार्रवाई के लिए मामला पुलिस को सौंप दिया गया है।

कोरबा में संचालित एसईसीएल की विभिन्न खदानों से डीजल की चोरी जारी है। चोर संगठित होकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है। ऐसे ही एक मामले में दीपका खदान से डीजल की चोरी कर भाग रहे पीली बत्ती से लैस कैंपर वाहन को सीआईएसएफके जवानों ने पकड़ा है जिसमें 15 जेरीकैन चोरी का डीजल मौजूद था,हालांकि चोर मौके से भागने में सफल हो गए।

डीजल चोरी के मामले में पकड़ा गया वाहन किसका है इस बात का पता नहीं चल सका है। चोरी के इस मामले में हरदीबाजार के किसी कपड़ा व्यवसायी और बिलासपुर निवासी एक व्यक्ति का नाम सामने आ रहा है। बहरहाल अग्रिम कार्रवाई के लिए चोरी के वाहन को दीपका पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

### प्लांट के वॉटर टैंक में फांसी पर लटकी मिली श्रमिक की लाश


**रायगढ़ (ए)।** जिले से एक बड़ी खबर निकल कर सामने आई है। बता दें कि जिले के पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम लारा में स्थित एनटीपीसी प्लांट के वॉटर टैंक में एक मजदूर की लाश फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। जिसके बाद प्लांट में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए कंपनी के गेट के सामने जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। बता दें कि पुसौर ब्लॉक के ग्राम कोड़पाली का रहने वाला दानीराम गुप्ता 28 वर्ष पिछले 3 सालों से एनटीपीसी लारा में ठेका मजदूर था।

## धोखाधड़ी केस में जेल गया शख्स, इधर घर पर भूख से हो गई कुत्ते व खरगोशों की मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेक्टर-1 में रहने वाले एक पशु प्रेमी शख्स का जेल जाना उसके पालतू जानवरों की जान पर बन आई। दरअसल पारिवारिक संपत्ति विवाद के कारण सगी बहन ने ही थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। बीते 10 अगस्त को वह जेल गया और इधर घर पर बंद जानवर भूख से तड़पने लगे। शुक्रवार को यहां रहने वाले 14 में से 1 कुत्ते व दो खरगोशों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर तहसीलदार व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची एनिमल सेवर संस्था की मदद से कुत्तों का रेस्क्यू किया।

यह पूरा मामला सेक्टर-1 क्रास स्ट्रीट निवासी सबस्टीन सेंटियागो के निवास का है।



सबस्टीन सेंटियागो की बहन अबस्टीन सेंटियागो ने अपने भाई के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। अबस्टीन सेंटियागो का आरोप है कि फर्जी चेक से उसके भाई ने 2.30 लाख रुपए की निकाल लिए। इसके अलावा पारिवारिक संपत्ति विवाद भी चल रहा है। अबस्टीन सेंटियागो की शिकायत पर सबस्टीन सेंटियागों को धारा 420 के तहत जेल हो गई। बीते 10 अगस्त से वह जेल में बंद है। चुंकि सबस्टीन सेंटियागों घर पर अकेला रहता था इसलिए जेल जाने के कारण घर पर ताला लगाना पड़ा।



### घर पर बंद हो गए 14 पालतू कुत्ते व खरगोश

सबस्टीन सेंटियागो एक डॉग लवर है और उसने 14 कुत्ते पाल रखे थे। कुत्तों के साथ उसने कुछ खरगोश भी पाले। इधर जेल जाने के बाद घर पर ताला लगा और सभी जानवर घर में बंद हो गए। पिछले 15 दिनों से कुत्ते घर पर बंद हैं और इस बीच सभी भूख से तड़पने लगे। इसबीच शुक्रवार को घर से बदबू आने लगी। सबस्टीन सेंटियागो की बहन अबस्टीन सेंटियागो को इसकी जानकारी हुई तो उसने भट्टी थाने में इसकी सूचना दी। सूचना के बाद शुक्रवार की सुबह भट्टी पुलिस की टीम, छत्तीसगढ़ एनिमल सेवर संस्था व तहसील घर पहुंचे और कागजी कार्रवाई के बाद घर का ताला तोड़कर सभी कुत्तों का रेस्क्यू किया गया।

### भूख से कुत्तों की हालत हुई नाजुक

रेस्क्यू के बाद सभी कुत्तों को घर से बाहर निकाला गया। इस दौरान एक कुत्ते की मौत हो गई और दो खरगोश व एक मछली भी मर गई। बाकि बचे 13 कुत्तों की हालत भी काफी नाजुक है। एनिमल सेवर संस्था ने सभी कुत्तों का मेडिकल चेकअप किया और उन्हें खाना खिलाया। सभी कुत्तों को सुरक्षित स्थल पर रखा गया है। इस मामले में भट्टी थाना प्रभारी विपिन रंगारी ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे। एक कुत्ता, दो खरगोश व एक मछली की मौत हो गई है। तहसीलदार की मौजूदगी में शेष बचे जानवरों को रेस्क्यू किया गया।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026,
8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### मतदान केंद्रों में बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति संबंधित आवश्यक निर्देश

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन प्रक्रिया में आवश्यक पारदर्शिता हेतु सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा बूथ लेवल एजेंट को नियुक्त किये जाने की सुविधा प्रदान की गयी है। इस हेतु राजनैतिक दलों के द्वारा नियुक्त किये जाने वाले बूथ लेवल एजेंट मतदान केन्द्रों के लिये नियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे। जिसमें उनके द्वारा पात्र नागरिकों का मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन तथा स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा मृत मतदाताओं के नाम विलोपित किये जाने संबंधी व्यक्तियों की पहचान में सहयोग किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर बी.के. दुबे से मिली जानकारी अनुसार आयोग द्वारा बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति से संबंधित वर्तमान निर्देशों को समेकित करते हुए आवश्यक संशोधित दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। जिसके अनुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष/सचिव/अधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा स्याही में अपने हस्ताक्षर से विधानसभावार बीएलए 1 की नियुक्ति, निर्धारित नियुक्ति पत्र में किया जाना है। बीएलए 1 द्वारा संबंधित विधानसभा के लिए मतदान केन्द्रवार संबंधित मतदान केन्द्र में मतदाता के रूप में पंजीकृत व्यक्ति की बीएलए 2 के रूप में नियुक्ति निर्धारित नियुक्ति पत्र में स्याही में अपने हस्ताक्षर से किया जाना है।

### तीन सूत्रीय मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**दुर्ग।** तीन सूत्रीय मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमे प्रमुख रूप से अधिवक्ता प्रोटेक्शन बिल लागु करने के साथ अधिवक्ता मृत्यु दावा राशि बढ़ाये जाने और शासन द्वारा अधिवक्ताओं को बीमित कराये जाने की मांग की गई। उक्त ज्ञापन मे लगभग 400 अधिवक्ताओं ने समर्थन मे अपने हस्ताक्षर किये तथा बड़ी संख्या मे उपस्थित होकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमे प्रमुख रूप से संघ के पूर्व अध्यक्ष गुलाब पटेल,मोहन राव,शकील सिद्धकी,अज़हर अली,मधुप शर्मा,मानिक मिश्रा उपस्थित थे।

### मृतकों के परिजन को मिली 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने दुर्घटना में मृतकों के परिजन को 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नगपुरा तहसील व जिला दुर्ग निवासी श्री रोशनलाल मांडले की विगत 5 फरवरी 2022 को शिवनाथ नदी में डूबने के कारण मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम भेड़सर जिला दुर्ग निवासी श्री संतोष ठाकुर की विगत 16 फरवरी 2022 को तालाब में डूबने के कारण मृत्यु हो गई थी। ग्राम थनौद तहसील व जिला दुर्ग निवासी श्री शत्रुहन नेताम की विगत 01 फरवरी 2017 को कोण्डागांव जिले के बांधा तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा मृतक स्व. रोशनलाल मांडले की पत्नी श्रीमती दिव्या मांडले को 4 लाख रूपये, मृतक स्व. संतोष ठाकुर के पिता नरसिंग ठाकुर को 4 लाख रूपए, मृतक स्व. शत्रुहन नेताम की पुत्री श्रीमती जुगनी बाई नेताम को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### रिसाली में 7 करोड़ के कार्य स्वीकृत

# धूल को कम करने सड़कों का चौड़ीकरण और लगाया जाएगा पेवर ब्लाक

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र की सड़कों को चौड़ीकरण कर सड़क किनारे और सार्वजनिक जगहों पर पेवर ब्लाक लगाने शासन ने 7 करोड़ 3 लाख 21 हजार स्वीकृत किया है। इसके लिए क्षेत्रीय विधायक व लोक निर्माण, गृह एवं कृषि मंत्री ने विशेष प्रयास किया है। जल्द ही कार्यो का भूमिपूजन कर कार्य को आरंभ कराया जाएगा।



निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि निगम के सभी वार्डो में पानी निकासी का संसाधन के साथ सड़क निर्माण किया गया है। कई सड़क ऐसे है जिसकी चैड़ाई कम है। सड़क पर फुटपाथ भी नहीं है।

व्यस्त मार्ग पर वाहनों का रेला लगने से धूल उड़ता है, जिसे कम कर नागरिकों को स्वस्थ्य वातावरण देने प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वार्ड 18 एचएससीएल कालोनी में 37 लाख 50 हजार से सड़क चौड़ीकरण किया जाएगा। इस वार्ड में 12 अलग-अलग सड़कों को चौड़ीकरण करने चिन्हित किया गया है। वार्ड 19 विजय चैक में 28 लाख 29 हजार से 11 सड़कों का चौड़ीकरण, वार्ड 24 आजाद मार्केट के 5 सड़कों का चौड़ीकरण 20 लाख से की जाएगी।

वार्ड 17 शिव पारा स्टेशन मरोदा में सड़क चौड़ीकरण करने 7 लाख, वार्ड 21 सूर्यानगर में 6 लाख 38 हजार, वार्ड 34 नेवई बस्ती पश्चिम के लिए 8 लाख 15 हजार, वार्ड 33 नेवई बस्ती पूर्व के लिए 7 लाख 31 हजार, वार्ड 32 नेवई भाठा के लिए 11 लाख 37 हजार, वार्ड 14 मरोदा कैंप आजाद पारा के लिए 19 लाख 79 हजार, वार्ड 36 डुण्डेरा पूर्व के लिए 4.70 लाख, वार्ड 35 डुण्डेरा पश्चिम के लिए 7 लाख, वार्ड 36 के लिए 21 लाख 43 हजार, वार्ड 39 के लिए 8 लाख 78 हजार, वार्ड 31 के लिए 7 लाख 7 हजार, वार्ड 2 रूआबांधा उत्तर के लिए 19 लाख 95 हजार, वार्ड 3 रूआबांधा दक्षिण के लिए 28 लाख 34 हजार, वार्ड 4 रूआबांधा पूर्व के लिए 19 लाख 91 हजार, वार्ड 26 अवधपुरी रिसाली के लिए 38 लाख 10 हजार, वार्ड 31 किरण देशमुख वार्ड के लिए 2 लाख 29 हजार, वार्ड 30 इस्पात नगर के लिए 16 लाख 8 हजार, वार्ड 1 तालपुरी के लिए 43 लाख 53 हजार, वार्ड 7 रिसाली सेक्टर पूर्व के लिए 30 लाख 99 हजार, वार्ड 38 स्टोर पारा के लिए 15 लाख, वार्ड 40 पुरैना बस्ती के लिए 9 लाख 4 हजार, वार्ड 28 शक्ति विहार के लिए 19 लाख 85 हजार की राशि स्वीकृत की गई है।

#### इन वार्डो में पॉथवे के लिए राशि स्वीकृत

वार्ड 7 रिसाली सेक्टर पूर्व के लिए 19.95 लाख, वार्ड 6 रूआबांधा सेक्टर के लिए 18.55 लाख, वार्ड 10 दशहरा मैदान के लिए 3.82 लाख, वार्ड 11 मरोदा सेक्टर के लिए 19.95 लाख, वार्ड 26 अवधपुरी के लिए 9.18 लाख, वार्ड 18 के लिए 15.48 लाख, वार्ड 24 के लिए 24.52 लाख, वार्ड 20 के लिए 36 लाख, वार्ड 29 लक्ष्मीनगर के लिए 27 लाख, वार्ड 28 के लिए 12 लाख, वार्ड 1 तालपुरी के लिए 18 लाख, वार्ड 8 रिसाली सेक्टर के लिए 19 लाख, वार्ड 3 के लिए 8 लाख और वार्ड 12 मरोदा सेक्टर के लिए 18 लाख 8 हजार की राशि स्वीकृत की गई है।

# संयंत्र द्वारा डेंगू नियंत्रण हेतु किये जा रहे सघन प्रयास

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। दुर्ग जिला और इस्पात नगरी भिलाई में डेंगू के प्रकरण सामने आ रहे हैं और इसकी रोकथाम के लिये संयंत्र के जन स्वास्थ विभाग एवं जिला मलेरिया विभाग दुर्ग के संयुक्त रूप से चलाये जा रहे, वृहद सर्वेक्षण एवं लार्वानाशी के नि:शुल्क वितरण जागरूकता कार्यक्रम आदि का सघन रूप से अभियान चलाया जा रहा है।

25 अगस्त को इस्पात नगरी में कुल 1617 घरों का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें से 1451 पात्रों, कूलर और अन्य जल एकत्र किए स्थानों का सर्वे किया और उन्हें साफ भी करवाया गया। इस सर्वेक्षण में 54 घरों में दवाई का छिड़काव और 966 घरों में टेमीफॉस दवाई का वितरण किया गया। इस सर्वे में 156 घरों में लार्वा पाए जाने की संभावना को देखते हुए एकत्रित जल की सफाई की गयी और दवा का छिड़काव किया गया। 70 घरों में स्प्रे किया गया। इसके साथ ही सेक्टर-2 में आयलिंग, सेक्टर-4 में वाटर फॉगिंग के साथ ही पाम्पलेट वितरण, माईक के माध्यम से निवेदन, लक्षण, रोकथाम के बारे में जानकारी आदि से लोगों को जागरूक किया गया। इस्पात नगरी क्षेत्र के सभी निवासियों से अनुरोध है कि वे सतर्क हो जाये और मच्छरों और लार्वा को समाप्त करने के लिये सामूहिक रूप से निरंतर प्रयास करें। डेंगू पर नियंत्रण हेतु जन स्वास्थ्य विभाग ने, भिलाई की प्रबुद्ध जनता से अपील की है, कि मच्छर नियंत्रण हेतु व्यक्तिगत स्तर पर किये जा सकने वाले उपाय में सहयोग करें। स्वयं भी सुरक्षित रहें एवं दूसरों को भी सुरक्षित रखें। बाल रोग विभाग और भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संयुक्त रूप से इस्पात नगरी की विभिन्न शालाओं में डेंगु और मलेरिया जैसी बीमारियों से लड़ने एवं उनके रोकथाम के लिए स्कूली बच्चों को भी जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों को डेंगु के लक्षण व रोकथाम एवं इलाज के बारे में विस्तार से समझाया गया। इस जागरूकता अभियान में विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक व शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया। शालेय बच्चों को जागरूक करने और घर-घर पहुंचने के अभियान की शुरूआत कर दी गई थी।

# छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक नगर स्तर विधायक व महापौर ने किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल ने छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का नगर स्तरीय का शुभारंभ पदमनाभपुर के मिनी स्टेडियम में खिलाड़ियों के बीच किया गया। विधायक अरुण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं खेल कूद प्रभारी मनदीप सिंह भाटिया,प्रभारी संजय कोहले ने पिट्ठूल,गिल्ली डंडा खेलकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के निकाय स्तर का दो दिवसीय आयोजन मिनी स्टेडियम में किया जा रहा है, जिसमें निगम क्षेत्र के सात जोन से चुनकर आए अलग-अलग वर्ग टीम के खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर मिला। वही रस्सा खींच स्पर्धा में जोर आजमाइश करती स्कूल के छात्र-छात्राए शामिल रहे।मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेलों को भी तवज्जो देने और लोगों में खेल के प्रति जागरूकता लाने के लिए शुरू किए गए छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के आयोजन



नगर निगम द्वारा किया गया। नगरीय स्तर से आज 300 से अधिक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में युवा से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हुए।जिसमे 62 वर्ष की महिला ने गेड़ी दौड़ लगाकर जीत दर्ज की।इसमें दलीय श्रेणी गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) 100 मि. दौड़ जैसी खेल विधाएं शामिल है। लोग खेल मैदान में पहुँचकर खेल का खूब आनंद ले रहें है।सभी वर्ग और उम्र समूह के लोग खेल के लिए मैदान की ओर रुख कर रहें है। और खेल में मेहनत कर विजेता बनने का प्रयास कर रहे है।

# नेहरू नगर चौक का हो रहा सौंदर्यीकरण

### चौक का यातायात होगा सुगम, हुडको का क्रिकेट मैदान भी तैयार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नेहरू नगर चौक को नया स्वरूप प्रदान कर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की आदमकद प्रतिमा एवं मदनवाड़ा में शहीद हुए प्रदेश के जवानों का स्मारक स्थापित किया जा रहा है। चौक में प्रदेश की सबसे घड़ी स्थापित कर फव्वारा के साथ आकर्षक बनाया जा रहा है।

शहर के सबसे व्यस्ततम चौक नेहरू नगर का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, आवागमन के लिए एप्रोच रोड बनाने के साथ नेहरू जी की प्रतिमा को भी सड़क के बीच से हटाकर किनारे पर व्यवस्थित किया गया है, इससे चौक पर ट्राफिक्न दबाव नियंत्रण करने में सहुलियत मिलेगी। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का आज महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त



रोहित व्यास ने निरीक्षण किया सभी प्रोजेक्ट शीघ्र ही पूरा करने के निर्देश दिए ताकि नागरिकों सुविधा का लाभ शीघ्र ही मिल सके।

महापौर श्री पाल एवं निगम आयुक्त श्री व्यास हुडको में तैयार हो रहे क्रिकेट ग्राउण्ड का निरीक्षण करने पहुँचे और क्रिकेट ट्रेक, बाउंड्रीवाल, रात्रि में खेल के लिए हाईमास्क लाईट तथा परिसर में बने हुए डोमशेड को उदघाटन के लिए शीघ्र तैयार करने जोन 05 के अधिकारियों को निर्देश दिए।

इसके बाद उन्होंने नेहरू नगर चौक के किनारे चल रहे सौंदर्यीकरण विकास कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे जहां चौक किनारे फव्वारे, शहीदों के स्मारक सहित अन्य कार्यों का जायजा लिए और सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि नेहरू नगर चौक नेशनल हाईवे होने की वजह से यहां से रोजाना भारी संख्या में वाहनों का आना जाना लगा रहता है, जिसके कारण शाम के समय ट्रॉफिक्र का दबाव बढ़ जाता है इसे देखते हुए महापौर ने चौक का विस्तारीकरण के साथ सौंदर्यीकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किये थे। इसी तारतम्य में अधिकारियों ने नेहरू नगर चौक की विस्तृत प्लानिंग कर कार्य शुरू किए और शीघ्र ही इसके जनता को समर्पित करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहे है। सौंदर्यीकरण के बाद नेहरू नगर चौक से गुजरने वाले नागरिकों को चौक का नये कलेवर पहले और ज्यादा आकर्षक दिखाई देगा तथा चौक के चारो ओर से अतिक्रमण हट जाने से वाहन को सड़क पार करने के लिए पर्याप्त जगह भी मिलेगी जिससे गाड़ियां जाम में नहीं फंसेगी। महापौर एवं आयुक्त ने शांतिनगर फुटबाल मैदान, डबरापारा चौक, पॉवर हाउस में बन रहे बीपीओ सेंटर का भी निरीक्षण कर कार्य की प्रगति से अवगत हुए।

# निगम 22 लाख खर्च कर बना रहा है गणेश मंच मिल पारा में डोम शेड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 38 मिलपारा गणेश मंच में डोम शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन शहर विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल व जिला सहकारी मर्यादित बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र साहू द्वारा छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड अध्यक्ष अल्ताफ अहमद,एमआईसी अब्दुल गनी,सदस्य ऋषभ जैन,पार्षद सुश्री नीता जैन,अजय मिश्रा के मौजूदगी में



किया गया।इस अवसर पर उपस्थित किशोर ठाकुर,आनंद जैन,कौशल किशोर सिंह,रतन निषाद के अलावा वार्ड नागरिकगण रहे।जानकारी के मुताबिक डीएमएफ मद के राशि 22 लाख की लागत से डोम शेड का निर्माण कार्य किया जाना है।वार्ड 38 में आवश्यकता के अनुसार पार्षद व रहवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर भूमिपुजन किया गया डोम शेड निर्माण कार्य को जल्द शुरू कर दिया जाएगा।भूमिपूजन के दौरान मौजूद लोगों ने विधायक एवं महापौर का आभार व्यक्त किया।

विधायक ने कहा कि राज्य सरकार की सभी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए वे दृढ़ संकल्पित हैं। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार को जल्द से जल्द डोम शेड निर्माण कार्य को करवाने की बात कही।विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा जनहित में जनसुविधा विस्तार के लिए किये जा रहे कार्य।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य सतत मॉनिटरिंग करते हुए तय समय सीमा के भीतर गुणवक्तायुक्त तरीके से पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# एसएमएस-2 में कर्म एवं पाली शिरोमणी पुरस्कार समारोह का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में शिरोमणि पुरस्कार योजना के तहत उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए पाली एवं कर्म षिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

इसी के तहत स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में विगत दिनों शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। शिरोमणी पुरस्कार समारोह का आयोजन कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक योगेष षास्त्री के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समारोह में माह जुलाई 2023 के लिए एसएमएस-2 के श्रमवीरों चीफ मास्टर टेक्निषियन (सी एस विद्युत) मानसिंग ठाकुर, ओसीटी (सी एस ऑपरेशन) के प्रभाकर राव, ऑपरेटीव (सी सी एस ऑपरेशन) ए एच खान को कर्म शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### सुपेला अंडरब्रिज के धीमे निर्माण से व्यापारियों में नाराजगी

# भिलाई चेंबर ने आयुक्त को ज्ञापन सौंप अंडरब्रिज निर्माण को शीघ्र पूरा करने की मांग रखी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सुपेला में बन रहे अंडरब्रिज की धीमी निर्माण गति से व्यापारियों में नाराजगी है। खासकर अंडरब्रिज बनने वाले जगह पर व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो गया है। इस मुद्दे पर शुक्रवार को छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की भिलाई इकाई का एक प्रतिनिधि मंडल भिलाई निगम के आयुक्त रोहित व्यास से मिला। आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर अंडरब्रिज निर्माण कार्य यथा शीघ्र पूरा कराने की मांग की गई।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की भिलाई इकाई की ओर से प्रदेश महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।

अजय भसीन ने आयुक्त व्यास को बताया कि अंडरब्रिज निर्माण से प्रभावित एक दुकानदार को अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। उन्होंने आयुक्त से कहा कि अंडरब्रिज निर्माण में हो रही लेटलतीफी के



कारण आसपास के व्यापारियों का व्यापार भी बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। त्योहारी सीजन में व्यापारियों को काफी परेशनी हो सकती है।

इस मौके पर अजय भसीन ने यह भी कहा कि भिलाई चेम्बर लगातार नगर निगम के साथ मिलकर भिलाई की बाजारों को आदर्श बाजार बनाने अपना योगदान देने की बात कर रहा है लेकिन निगम द्वारा मुख्यमंत्री जी की हर बाजार आदर्श बाजार योजना पर कोई पहल नहीं किया जा रहा है। अजय भसीन ने बताया कि भिलाई के सभी बाजार जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, नंदिनी रोड, सेक्टर 6 ए मार्केट व सुपेला बाजार को आदर्श बाजार बनाने कई बार आवेदन दिया जा चुका है लेकिन इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि पावर हाउस रेलवे स्टेशन के सामने आधुनिक पार्किंग व भामाशाह जी की मूर्ति लगाने का भी आवेदन दिया जा चुका है लेकिन इस विषय पर भी निगम के पहल की प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। पार्किंग बनने के बाद रखरखाव की जिम्मेदारी भिलाई चेम्बर ने ली है उसके बाद भी निगम प्रशासन द्वारा विलंब किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम की नियमितीकरण योजना पर सबसे पहले व्यापारी वर्ग ने अपनी फाइल दी थी लेकिन आज तक नियमितीकरण प्रक्रिया से व्यापारी संतुष्ट नही हो पा रहे है इस पर भी नगर निगम ध्यान दें।

इस दौरान निगम आयुक्त ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि सभी कार्य जल्द प्रारंभ कर दिए जाएंगे। इस दौरान विनय सिंह, सुनील मिश्रा, विजय गुप्ता, सरमद इमाम, पीताम्बर दलाई, शंकर सचदेव आदि उपस्थित रहे।

# लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट के सदस्यों ने सेवा के क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य करने की ली शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट का शपथ ग्रहण समारोह होटल अमित इंटरनेशनल में हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि एवं शपथ अधिकारी के रूप में क्लब की चार्टर प्रेसीडेंट लायन अनिता अग्रवाल उपस्थित हुई। दीप प्रज्वलन, भारतमाता तथा सर मेलविन जोन्स के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। ध्वज वंदना लायन मंजू बंसल ने की। स्वागत भाषण पूर्व अध्यक्ष लायन सरोज अग्रवाल ने दिया।




शपथ अधिकारी लायन अनिता अग्रवाल ने सर्वप्रथम चंद्रयान 3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलता पूर्वक पहुंचने पर चंद्रविजय की सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। तत्पश्चात क्लब के संचालक मंडल तथा अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों को सेवा क्षेत्र में समर्पित भाव से एवं टीम भाव से कार्य करने हेतु शपथ दिलाई। हर पदाधिकारी को उनकी जवाबदारी समझाते हुए कार्य करने का तरीका बताया। उन्होने कहा कि हम विनम्रता का दामन कभी न छोड़ें, सेवा का भाव सर्वोपरि रखें, सहयोगात्मक रवैया अपनाए, अपने कार्यों एवं क्लब के प्रति समर्पण का भाव रखें, फिर कोई वजह नहीं होगी कि, हम सफल न हों। उन्होने नई टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं।

सभी पदाधिकारियों ने भी अग्नि को साक्षी मानकर अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की उत्साह के साथ शपथ ली। लायन अध्यक्ष प्रमिला मित्तल ने उन्हे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने हेतु क्लब के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा अध्यक्ष की जवाबदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का वचन दिया। उन्होंने कहा कि, डिस्ट्रिक्ट से मिले निर्देशों के अनुसार वो डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट पर अपनी टीम के साथ मिलकर कार्य करेंगी। इस वर्ष फूड फॉर हंगर, पर्यावरण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर क्लब ज्यादा फोकस करेगा।

कोषाध्यक्ष लायन ऊषा अग्रवाल ने भी कोष से सम्बन्धित रिपोर्ट पढ़ी। कार्यक्रम का सफल संचालन लायन भारती अग्रवाल ने किया तथा आभार प्रदर्शन सह सचिव लायन प्रभा पटेल ने किया। इस अवसर पर लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950